(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

अप्रैल 14 को बॉक्स ऑफिस पर...8




बुधवार, 06 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 107 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर जाएंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। कश्मीरी पंडितों के दर्द पर बनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स इन दिनों चर्चा में है। फिल्म के बहाने कश्मीरी पंडितों के पलायन का मुद्दा एक बार फिर पूरे देश में छाया हुआ है। इन सबके बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को जम्मू कश्मीर जा सकते हैं। पीएम मोदी 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर सांबा में स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के एक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद ये उनका पहला दौरा होगा।

कश्मीरी पंडितों से करेंगे बात : कश्मीरी पंडितों के पलायन के मुद्दे के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को जम्मू कश्मीर का दौरा कर सकते हैं। अगर पीएम मोदी कश्मीर के दौरे पर जाते हैं तो जम्मू कश्मीर के अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद ये उनका पहला दौरा होगा। खास बात ये है कि पीएम मोदी कश्मीरी पंडितों से भी बात कर सकते हैं। बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के मुताबिक पीएम मोदी कश्मीरी पंडितों के साथ बात भी कर सकते हैं। कश्मीरी पंडितों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ दिन पहले ही फ्रीडम ऑफ इंप्रेशन की बात कही थी। पीएम मोदी ने कांग्रेस का नाम लिए बगैर कहा था कि सच्चाई को स्वीकार करने का साहस होना चाहिए। जो सच है वो देश के सामने लाना ही चाहिए।



कब होंगे चुनाव : मोदी सरकार के बनने के बाद से ही घाटी में आतंकियों के खात्मे का कार्यक्रम चालू हो गया था। एलओसी पर पाकिस्तान की हरकतों का भी मुंहतोड़ जवाब दिया जाने लगा। 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया गया। तब से आतंकियों के सफाए वाले अभियान को और गति मिल गई। जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने की बात को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में संसद में दिए अपने बयान में कहा था कि परिसीमन का काम खत्म होते ही चुनाव करवा लिए जाएंगे।

## नवरात्ति के मौके पर दक्षिण दिल्ली में बंद हुई मीट की दुकानें, ओवैसी ने साधा पीएम पर निशाना

देश में वसंत नवरात्रि मनाया जा रहा है। हालांकि दिल्ली में नवरात्रि को लेकर एक नया सियासी बवाल छिड़ गया है। दरअसल, दक्षिण दिल्ली में मेयर सुकेश आर्यन के आदेश के बाद मीट की दुकानें बंद कर दी गई हैं। इसको लेकर अब दुकानदारों में नाराजगी है। दरअसल, दक्षिण दिल्ली के मेयर ने कमिश्नर को एक पत्र लिखा था। इस पत्र में उन्होंने कहा था कि 11 अप्रैल तक नवरात्रि है। इस दौरान लोग मां दुर्गा की उपासना करते हैं और मंदिर जाते हैं। इन दिनों लोग शुद्ध शाकाहारी भोजन करते हैं। कुछ लोग तो लहसुन—प्याज का भी इस्तेमाल नहीं करते।

इसके साथ ही उन्होंने आगे लिखा कि मांसाहारी भोजन और शराब का सेवन वर्जित रहता है। यही कारण है कि खुले में मीट बिकने से श्रद्धालु खुद को असहज महसूस कर रहे हैं और उनके धार्मिक भावनाओं और आस्था पर फर्क भी पड़ रहा है। इसके बाद से उन्होंने आगे बताया कि हमने फैसला लिया है कि दक्षिण एमसीडी में कोई भी मांस की दुकान नहीं खुलेगी। यह फैसला आज से लागू हो गया है। उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। वहीं इससे जुड़े व्यापार में लोगों ने कहा कि यहां करीब 1000 लोग इस कारोबार से जुड़े हैं। दुकानें बंद करने का अचानक निर्देश आया। हमारा दुकानों में लाखों रुपये का सामान रखा है जो तब तक सड़ जाएगा। सरकार को पहले बताना चाहिए था।




ओवैसी का मोदी पर निशाना : दक्षिण दिल्ली नगर निगम के मेयर के इस चिट्ठी के बाद असदुद्दीन ओवैसी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। अपने ट्वीट में ओवैसी ने लिखा कि मोदी बड़े उद्योगपतियों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और वैचारिक गुर्गों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस चाहते हैं। आय के नुकसान की भरपाई कौन करेगा? मांस अशुद्ध नहीं है, यह सिर्फ लहसुन या प्याज जैसा भोजन है। सिर्फ 99: नहीं। 100: लोगों के पास मांस नहीं खरीदने का विकल्प है यदि वे नहीं चाहते हैं

## गोरखनाथ मंदिर हमलाः मुर्तजा ने डिलीट कर दिया था मोबाइल का डेटा, सीडीआर निकलवा रही पुलिस

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर में तैनात पीएसी जवानों पर हमले के आरोपी मुर्तजा ने अपने मोबाइल का डेटा डिलीट कर दिया था। लिघ्हाजा वह किस—किसके संपर्क में था और किस—किससे बात करता था यह जानने के लिए पुलिस अब उसका सीडीआर (काल डिटेल रिकॉर्ड) निकलवा रही है। उधर, उसके लैपटॉप पर जाकिर नाइक के भाषणों और सीरिया का वीडियो मिलने के बाद आशंका जताई जा रही है कि मुर्तजा आईएसआईएस जैसे किसी आतंकी संगठन की विचारधारा से पीड़ित था। पुलिस पहले ही कह चुकी है गोरखनाथ मंदिर में किसी बड़ी वारदात की प्लानिंग थी। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को ऐसा लग रहा है कि उस प्ष्लानिंग को अंजाम दिए जाने से पहले ही अवसाद में मुर्तजा ने गोरखनाथ मंदिर पर तैनात पीएसी जवानों पर हमला कर दिया। मुख्ष्यमंत्री योगी आदित्ष्यनाथ के निर्देश पर इस मामले की जांच यूपी एटीएस कर रही है। यूपी एसटीएफ भी इसमें सहयोग कर रही है। बताया जा रहा है कि सात दिन के रिमांड पर लेने के बाद एटीएस किसी अज्ञात स्ष्थान पर मुर्तजा से लगातार पूछताछ कर रही है। इस दौरान उसे अपनी बाइक से गोरखनाथ मंदिर तक पहुंचाने वाले उसके दो दोस्ष्तों को भी पकड़ लिया गया है। उनसे भी पूछताछ चल रही है। उधर, सूत्रों का कहना है कि जांच के दौरान मुर्तजा के लैपटॉप में जहां कई वीडियो मिले वहीं उसके मोबाइल का पूरा डेटा डिलीट किया जा चुका था। अब सीडीआर की मदद से पता लगाया जाएगा कि मुर्तजा किस—किस के सम्ष्पर्क में था।



पिता ने किया है दिमागी हालत ठीक न होने का दावाः मुर्तजा के पिता मुनीर अब्ष्बासी का दावा है कि उनके बेटे की दिमागी हालत ठीक नहीं है। काफी दिनों से उसका इलाज चल रहा था। इसी की वजह से उसने नौकरी भी छोड़ दी थी और उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर अलग रहने लगी थी। मुनीर ने बताया कि उनका बेटा मुर्तजा पढ़ाई—लिखाई में काफी अच्छा था। नवी मुम्बई में वह परिवार के साथ रहते थे। वहीं पर डीएवी पब्लिक स्कूल में मुर्तजा की 12वीं तक की पढ़ाई हुई। इसके बाद उसने आईआईटी मुम्बई से केमिकल इंजीनियरिंग की। वर्ष 2015 में पास आउट होने के बाद करीब 24 साल की उम्र में वह मुंबई स्थित एक बड़ी पेट्रोकेमिकल में केमिकल इंजीनियर के पद पर काम करने लगा।




## भाजपा संसदीय दल की बैठक संपन्न

### पीएम मोदी ने सांसदों से कहा– खुद को अपने क्षेत्र की सेवा में लगाएं

नई दिल्ली। आज भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई है। इस संसद सत्र की यह आखिरी संसदीय दल की बैठक थी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे। इन तीनों नेताओं के अलावा पार्टी के सभी सांसद मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा ने आगे की रणनीति पर सांसदों से चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों से अपने क्षेत्र में काम करने के लिए कहा। भाजपा संसदीय दल की बैठक अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में हुई। इससे पहले 29 मार्च को भी भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई थी। इस बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सामाजिक न्याय पक्ष पकवाड़ा 7—20 अप्रैल तक चलेगा। इसके अंतर्गत बहुत से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी सांसदों को च्ड ने आह्वान किया है कि आजादी के अमृत महोत्सव के इस पर्व पर आप सभी खुदको अपने क्षेत्र में सेवा में लगाएं। इसके अलावा चल रहे बजट सत्र के लिए विभिन्न मुद्दों और सरकार की रणनीति पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में गृह मंत्री अमित शाह, प्रह्लाद जोशी, किरेन रिजिजू सहित बाकी के केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक कर चर्चा की। कांग्रेस संसदीय दल की बैठकः कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आज संसद में एक बैठक की अध्यक्षता की। सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस के लिए आगे की राह पहले से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण है, हमारी, लचीलेपन की भावना की कड़ी परीक्षा है। संगठन में हर स्तर पर एकता सबसे अहम है, इसे सुनिश्चित करने के लिए जो कुछ भी आवश्यक है, मैं उसे करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कायाकल्प होना न केवल हमारे लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र और समाज के लिए भी आवश्यक है।




## श्रीलंका के 26 मंत्रियों के इस्तीफे को विपक्षी नेता ने बताया ड्रामा, कहा– जनता को बनाया जा रहा बेवकूफ

नई दिल्ली। आर्थिक संकट से गुजर रहा श्रीलंका मदद के लिए अब भारत के सामने हाथ फैला रहा है। जानकारी के लिए बता दें कि, श्रीलंका में विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा ने भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने पीएम मोदी से आग्रह करते हुए कहा कि, देश के इस संकट के समय में भारत श्रीलंका का साथ दें। वाइन में छपी एक खबर के मुताबिक, श्रीलंका के विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा ने पीएम मोदी से आग्रह करते हुए कहा कि, कृपया कोशिश करें और श्रीलंका की यथासंभव मदद करें। यह हमारी मातृभूमि है, हमें अपनी मातृभूमि को बचाने की जरूरत हैश। प्रेमदासा ने न्यूज एजेंसी ।छप् के हवाले से प्रधानमंत्री मोदी को यह संदेश पहुंचाया है। बता दें कि, साजिथ प्रेमदासा ने श्रीलंका के 26 मंत्रियों द्वारा दिए गए इस्तीफे को ड्रामा बताया है। उन्होंने कहा कि, मैं आपको बता सकता हूं, मैं खुद और हम सभी तब से तैयार हैं जब से हमने समाज सेवा और राजनीतिक सेवा में प्रवेश किया है। हम किसी भी घटना के लिए तैयार हैंश। उन्होंने कहा कि जनता को बेवकूफ बनाने के लिए यह ड्रामा किया जा रहा है। ये लोगों को राहत देने की दिशा में कोई वास्तविक प्रयास नहीं है।ये बस उन्हें बेवकूफ बनाने की कवायद है। बता दें कि, श्रीलंका इस समय अपने सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहा है। हालात इतने खराब है कि, अब स्ट्रीट लाइन जलाने तक के पैसे नहीं बचे हैं। मंहगाई आसमान की छलांग लगाई है और ऐसे में लोगों के लिए पेट भरना मुश्किल हो गया है। लोगों में सरकार को लेकर गुस्सा बहुत ज्यादा है और नतीजा यह है कि लोग सड़कों पर जमकर प्रदर्शन कर रहे है।



## नवरात्रि के दौरान बंद रहेंगी शराब की दुकानें? एसडीएमसी मेयर ने केजरीवाल सरकार से की यह मांग



नयी दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) के महापौर मुकेश सूर्यन ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उनसे नवरात्रि के त्योहार के दौरान 11 अप्रैल तक शराब की दुकानें बंद करने का आदेश जारी करने का आग्रह किया। केजरीवाल को लिखे पत्र में, सूर्यन ने कहा कि नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए रोज मंदिर आने वाले भक्तों की धार्मिक भावनाएं के रास्ते में पड़ने वाली शराब की दुकानों से प्रभावित होती हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान भक्त शुद्ध शाकाहारी भोजन करते हैं और नौ दिनों तक उपवास रखते हैं तथा मांसाहारी खाद्य पदार्थों, शराब एवं कुछ मसालों से भी परहेज करते हैं। सूर्यन ने कहा कि लोग शराब की दुकानों के बाहर शराब पीते हैं और भक्तों के लिए ''डर का माहौल'' बनाते हैं। सूर्यन ने अपने पत्र में कहा, ''आम जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, कृपया अधिकारियों को नवरात्रि (दो से 11 अप्रैल तक) के दौरान शराब की दुकानों को बंद करने और ऐसी दुकानों के बाहर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें।'' इससे पहले दिन में सूर्यन ने एसडीएमसी आयुक्त को नवरात्रि के दौरान मांस की दुकानें बंद करने को कहा था।

## राज ठाकरे के बयान पर आजमी का पलटवार, ध्वनि प्रदूषण की इतनी चिंता तो गणपति, नवरात्रि के खिलाफ आवाज उठाई है?

मुंबई में मस्जिदों के लाउडस्पीकर और हनुमान चालीसा विवाद पर राजनीति लगातार जारी है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने मस्जिदों पर लगने वाले लाउडस्पीकर को लेकर एक बयान दिया था। जिसपर समाजवादी पार्टी ने अब पलटवार किया है। सपा नेता अबू आजमी ने कहा कि राज ठाकरे अब बीजेपी की राह पर चल चुके हैं। जैसी बांटने वाली राजनीति बीजेपी करती है उसी राह पर अब राज ठाकरे चल पड़े हैं। उन्होंने कहा कि राज ठाकरे हारे हुए नेता हैं। उन्हें राजनीति में जगह नहीं मिली इसलिए मुसलमानों के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति कर रहे हैं। सपा नेता अबू आजमी ने कहा कि एक हारे हुए नेता को अगर ध्वनि प्रदूषण को लेकर इतनी चिंता है तो, क्या उन्होंने कभी बीयर बार में डीजे, शादियों में डीजे, नेताओं के स्वागत समारोह में आतिशबाजी, गणपति, नवरात्रि और अन्य ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठाई है? इसके साथ ही उन्होंने एक जूस सेंटर के बाहर पोस्टर लगाया है और कहा है कि जो भी हिन्दू भाई—बहन हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं उनके लिए वो ठंडा शरबत और पानी भेजेंगे। इसके लिए ईमेल आईडी भी संपर्क करने के लिए दिया गया है। अबू आजमी का कहना है कि मैं इस देश के अंदर आपसी भाई चारा, जो हमारी गंगा जमुनी तहजीब है उसे बरकरार रखना चाहता हूं। आजमी ने कहा कि मैं गांव का रहने वाला हूं। मैं गांव में देखता था जब मस्जिद से हमलोग नवाज पढ़कर निकलते थे तो हमारी हिन्दू बहने अपने बच्चों को गोद में लिए ग्लास में पानी लेकर कहती थी आप इसमें फूंक दिजीए। आप नवाज पढ़कर आ रहे हो इसलिए मेरे बच्चे की तबीयत आपकी दुआ से अच्छी हो जाएगी। ये हमारे देश का कल्चर था। हिन्दू—मुस्लिम भाई—भाई थे। अबू आजमी ने कहा कि यहां राज ठाकरे और बीजेपी जैसे लोग नफरत के पुजारी जो सिर्फ हिन्दू मुस्लिम को लड़ा कर राजनीति करना चाहते हैं। अगर आग जल रही है तो आग की नहीं बल्कि पानी की जरूरत है। अबू आजमी ने कहा कि मैं इस नफरत को मोहब्बत से जवाब देना चाहता हूं। बता दें कि गुड़ीपड़वा के मौके पर मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने शिवाजी पार्क से शिवसेना के साथ महाविकास अघाड़ी को भी निशाने पर लिया था। राज ठाकरे ने मस्जिदों से लाउडस्पीकर की तेज आवाज को लेकर आपत्ति जताई थी। महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने भी राज ठाकरे के बयान को लेकर उनपर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि मस्जिदों से लाउडस्पीकर बंद कराए जाएं, नहीं तो हम मस्जिदों के सामने घ्हनुमान चालीसा बजाएंगे।



# कटरा कुटी धाम पर चैतराम नवमी के पावन अवसर पर राम जन्ममहोत्सव का किया जा रहा आयोजन

गोण्डा। नवाबगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध कटरा कुटी धाम पर चौतराम नवमी के पावन अवसर पर राम जन्ममहोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राम अवतार की कथा का शुभारंभ हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर पीठ के महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज, मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित परशुराम शर्मा और कथा वाचक भुनेश्ववरानंद महाराज ने संयुक्त रूप से किया! कथा में आए अतिथियों का स्वागत मीडिया प्रभारी अरुण सिंह ने किया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथा व्यास पंडित अमरेश्वरानंद महाराज ने कहा कि भक्तों की करुण पुकार सुनते ही भगवान चाहे जैसे भी हो भक्तों को बचाने का काम करते हैं। भगवान भक्तों पर सदैव कृपा बरसाते हैं। संसार में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं हुआ जो किसी के साथ बिना स्वार्थ के एक कदम भी साथ चलने को तैयार हो पर भगवान सदैव साथ देने को तैयार रहते हैं। इस संसार में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो यह कह सके कि अमुक स्वार्थ के कारण प्रभु ने किसी का साथ दिया हो। भक्त भगवान पर जितना विश्वास करते हैं उसका दोगुना विश्वास भगवान भक्तों पर करते हैं। भक्तों को चाहिए कि संसार के सारे भरोसे को तज कर भगवान का भरोसा करना सीखें ! ताड़का पर कृपा ,शबरी पर कृपा , अहिल्या का उद्धार अदि भगवान की सहज कृपा का उदाहरण है ! इस अवसर पर विनोद गुप्ता ,गौरी शंकर गुप्ता ,ओम प्रकाश गुप्ता, राका शर्मा , ओम प्रकाश गुप्ता , गोपाल सिंह, पुष्पेंद्र तिवारी ,राम मणि पांडे ,नंदू शर्मा ,डॉ कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में श्रृद्धालु उपस्थित रहे।

# कर्मचारी की पिटाई से मौत को लेकर गोंडा के मिनिस्ट्रियल कर्मचारी कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने किया तालाबंदी

गोण्डा। आज अपर जिलाधिकारी गोंडा के पोर्टिको में उत्तर प्रदेश मिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के आवाहन पर कर्मचारियों द्वारा धरने पर बैठकर प्रतापगढ़ तहसील के परगना अधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह यादव व अन्य 3 कर्मचारियो के गिरफ्तारी की मांग की गई है। कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद प्रतापगढ़ के तहसील लालगंज के उप जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह यादव द्वारा वरिष्ठ सहायक सुनील कुमार शर्मा को पहले पीट–पीटकर अधमरा कर दिया गया इसके बाद जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां अस्पताल में जाकर छाती व गला दबाकर हत्या कर दिया गया। प्रकरण में उप जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह व अन्य तीन कर्मचारियों के विरुद्ध हत्या सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गई है। संघ ने कहा है की प्रदेश कर्मचारी यूनियन के आवाहन पर गोंडा जिले में भी कलेक्ट्रेट में तालाबंदी करके धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमें प्रमुख मांग है एसडीएम ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह की गिरफ्तारी की जाए, मृतक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए, मृतक के आश्रित को नौकरी दिया जाए। एक सप्ताह के अंदर यदि गिरफ्तारी नहीं होती है तो आंदोलन करने की अगली रणनीति तय की जाएगी।

# शटर काट कर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार

अयोध्या। जनपद में सक्रिय एक गिरोह विभिन्न थाना क्षेत्र में शटर काटकर चोरी की वारदात करता था और पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर में चुराये गये कपड़ों का कारोबार कर रहा था। जनपद पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत चार को गिरफ्तार कर इस गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह के पास से अलग–अलग दुकानों से चुराई गई कपड़ो की खेप के साथ कार–बाइक और नकदी, चांदी के सिक्के तथा इलेक्ट्रानिक उपकरण बरामद किया है। पुलिस टीम को 20 हजार रूपये का इनाम दिये जाने की घोषणा की गई है।

एसएसपी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर ध्सहायक पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के पलिया शाहबदी और सहादतगंज क्षेत्र में कपड़े की दुकानों में शटर काटकर चोरी की वारदात हुई थी। शिकायत के बाद कैंट पुलिन ने दोनों मामलों में अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया। एसएसपी की ओर से पुलिस को मामले के खुलासे का निर्देश दिया गया था। चलाये जा रहे अभियान के तहत कैंट के प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की पुलिस टीम ने कार और बाइक सवार चार लोगों को मसिनिया नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में इन्होने अपना नाम–पता जनपद के कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित अकमा गाँव निवासीगण सूरज चौहान, रामू हरिजन व रमेश कुमार गौतम तथा रौनाही थाना क्षेत्र के गाँव लखौरी निवासी सूरज पासी बताया। पास मिले संदिग्ध सामान को लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो इन्होने चौकाने वाला खुलासा किया। बताया कि यह लोग जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों स्थित कपड़ो की दुकान में शटर काटकर चोरी की वारदात अंजाम देते हैं और वारदात से हासिल कपड़ों को पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर से बेंचा जाता है। इसके लिये धनपतगंज में गिरोह ने किराये पर एक गोदाम और दुकान भी ले रखा है। पुलिस ने गोदाम से भारी मात्रा में लेडीज व जेन्डस कपड़ा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने कैंट थाना क्षेत्र में दो, नगर कोतवाली क्षेत्र में तीन और रौनाही तथा खंडासा क्षेत्र में एक–एक चोरी की वारदात के साथ पड़ोसी जनपद गोंडा के इटियाथोक में चोरी की वारदात कबूल की है और इन वारदातों से संबंधित माल भी बरामद कराया है। सभी का चालान किया जा रहा है।

## गिरोह से बरामद सामान

शटर काटकर चोरी करने वाले इस गिरोह से पुलिस ने एक अल्टोकार यूपी 32 डीवी 4795 ,एक बाइक अपाची यूपी 42 बीडी 6029,17,000 रुपये नकद,04 चांदी के सिक्के तथा वारदात में प्रयुक्त एक पीले रंग की इन्वर्टर बेलि्ंडग मशीन,एक बेलि्ंडग राड,एक वायर कटर, एक प्लास,एक स्विच वोर्ड, करीब 05 मीटर लाल रंग की तार और चोरी किया गया एक बैट्रा,एक इन्वर्टर,175 साड़ी, 26 सूट,32 शर्ट, 10 जीन्स, 6 जैकेट बरामद किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत कई लाख रूपये है। गिरोह के रमेश कुमार गौतम के खिलाफ इनायतनगर थाने में गैंगेस्टर समेत लूट, कुमारगंज में घर में घुसकर मारपीट, हमला, गाली–गलौच के दो और नगर कोतवाली में आर्म्स एक्ट का, सूरज पासी के खिलाफ बीकापुर कोतवाली में चोरी के तीन, हैदरगंज में एक और खंडासा में हत्या व शव को छिपाने का , सूरज कुमार निवासी के खिलाफ कुमारगंज में चोरी व् मारपीट का तीन और रामू हरिजन के खिलाफ कुमारगंज में मारपीट और चोरी का मुकदमा पहले से दर्ज है।

# सूखा भूसा खा रहे गौशाला में रखे गए गोवंश,लोगो ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

इटियाथोक गोण्डा। ब्लॉक क्षेत्र के गांव तिवारी पुरवा में 57 लाख 27 हजार रुपए की लागत से 2018–19 में बनी गौशाला में अव्यवस्थाओं की भरमार है।यहां जानवर सूखा चारा खा कर अपने जिंदगी के बचे शेष दिन काट रहे हैं।यहां जानवरों को ना तो गीला चारा मिल रहा है और न ही पीने के पानी की समुचित व्यवस्था है। जिम्मेदार इस ओर आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थानीय जन प्रतिनिधि इस ओर उदासीन बने हुए हैं। इससे लोगों में नाराजगी है।इटियाथोक ब्लॉक क्षेत्र के तिवारी पुरवा गांव में लाखों की लागत से गौशाला बनी हुई हैं।ग्रामीणों की मानें, तो गोशाला में अक्सर भूसा में दाना और हरी घास नही मिलाई जाती है।यहां जानवरों के लिए बनाया गया पोखरा पूरी तरह सूखा पड़ा है।मौजूद कर्मचारियों ने पूछे जाने पर बताया, कि मौके पर 65 जानवर बंद हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समुचित देखरेख के अभाव में गोवंश धीरे–धीरे दुबले होते जा रहे हैं। कुपोषण उन्हें घेर रहा है। जबकि शासन स्तर से बराबर इन जानवरों के लिए बजट भेजा जाता है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि गौशाला की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिम्मेदार के बोल : एडीओ पंचायत परमात्मा दीन ने बताया मामले में जांच कर, संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बकरी पालन के तहत ऋण दिलाने के लिये कमीशन की मांग

मवई(अयोध्या)। प्रदेश की योगी सरकार समाज के हर वर्ग के लिये अनेकों योजनाएं चला रही है तथा इन योजनाओं का लाभ समाज के पात्र लोगों तक पहुंचे इसका प्रयास भी कर रही है।लेकिन कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों की उदासीनता की वजह से पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पाने से वंचित हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मवई ब्लाक में चर्चा का विषय बना हुआ है।ग्राम रजनपुर के भभूती रावत पुत्र नकछेद रावत समाज कल्याण विभाग की तरफ से बकरी पालन योजना के तहत कर्ज लेना चाहते थे।भभूती रावत ने करीब चार महीना पूर्व मवई ब्लाक पहुंच कर समाज कल्याण विभाग का काम देख रहे ग्राम विकास अधिकारी मनीष कुमार वर्मा से सम्पर्क किया और बकरी पालन योजना के तहत 50 हजार रुपये का ऋण दिलाने की मांग की।भभूती ने बताया कि मनीष कुमार को आधार कार्ड की फोटो कापी ,बैंक की पास बुक,दो फोटो तथा आय,जाति,निवास प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी भी दिया।मनीष कुमार ने शीघ्र ही फाइल को आर्यावर्त बैंक नेवरा भेजने का आश्वासन दिया।भभूती ने बताया कि मनीष कुमार ने एक फॉर्म पर 6 जगह अंगूठा भी लगवा लिया।भभूती ने आरोप लगाते हुए बताया कि चार महीने से मवई ब्लाक के दर्जनों बार चक्कर लगा चुके हैं लेकिन हर बार उनको आश्वासन देकर वापस कर दिया जाता।भभूती ने निराश होकर जब मनीष कुमार से अपने सभी कागजात वापस मांगे तो उन्होंने कहा कि बगैर सुविधा शुल्क के कोई काम नही होता है।भभूती का यह भी आरोप है कि जब उन्होंने पैसे की मांग की तो हमने पैसे देने से इनकार कर दिया।इस पर समाज कल्याण विभाग का कार्य देख रहे ग्राम विकास अधिकारी मनीष कुमार वर्मा नाराज होकर भगा दिया।इतना ही नही भभूती ने बताया कि जब वह घर पहुंचे तो उनके मोबाइल पर फोन करके धमकी भरे अंदाज में काफी फटकारा और कहा कि बगैर पैसे के अब तुम्हारा काम नही होगा।पीड़ित भभूती ने मनीष कुमार वर्मा की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल समेत अन्य उच्चाधिकारियों से की है।इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी मोनिका पाठक से वार्ता का प्रयास किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

# किशोरी के साथ गैंगरेप, तीन युवक गिरफ्तार

अयोध्या। किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है।तीन युवकों ने किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया।तीनों ने किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म किया। इतना ही नही रात भर बंधक बनाए रखा । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना कोतवाली रुदौली के शुजागंज गांव की है। रुदौली कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने बताया कि घटना की जानकारी होने पर मुकदमा दर्ज करने के बाद वांछित आरोपी मोहम्मद जैद, अतीक और अरशद निवासी शुजागंज मजरे फगोली कुर्मियान को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मिशन शक्तिअभियान के तहत शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्तगिरफ्तार,भेजा गया जेल

गोण्डा।मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के अनुक्रम में थाना मनकापुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के वांछित अभियुक्त रामनेवास उर्फ नान्हू को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त रामनेवास पूर्व प्रधान था जो थाना मनकापुर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला के साथ सरकारी शौचालय निर्माण कराने हेतु चेक देकर मेल मिलाप बढाया था तथा शादी का झांसा देकर कई अलग–अलग स्थानों में ले जाकर दुष्कर्म भी किया था। महिला के गर्भवती होने पर अभियुक्त द्वारा वादिनी,पीड़िता को गर्भपात कराने हेतु दबाव बनाया गया था तथा गर्भपात न कराने के कारण अभियुक्त द्वारा महिला को गाली–गुप्ता देते हुए मारा–पीटा भी गया था। जिसके सम्बन्ध में महिला द्वारा थाना मनकापुर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# अनशन कर रहे परिवार को जबरन पहुंचाया दिया अस्पताल

अयोध्या। दुष्कर्म की शिकार हुई बिटिया को न्याय दिलाने के लिए नगर के सिविल लाइन स्थित गांधी पार्क में धरना दे रही समाजसेवी अर्चना तिवारी उनके पति अंतरिक्ष तिवारी को पुलिस प्रशासन ने देर रात जबरन आन्दोलन स्थल से उठाकर जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती करा दिया। अस्पताल को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। अन्तरिक्ष तिवारी ने बताया कि उसने जोर जोर से चिल्ला चिल्लाकर कहा कि मैं आमरण अनशन पर हूं। मेरी तबियत खराब नही है और न ही मैने चिकित्सा के लिए कोई आग्रह किया है। फिर भी पुलिस नही मानी और उसे लाकर अस्पताल में भर्ती करा दिया। अनशन स्थल( गांधी पार्क)में ताला लगा दिया। अर्चना तिवारी व उसके परिवार के साथ की गई जबरदस्ती को लेकर लोगों में आक्रोश है। जिला चिकित्सालय में समाजसेवी अर्चना तिवारी व उनके पति का हाल चाल जानने पहुंचे हिन्दूवादी नेता शिव सेना उत्तर प्रदेश प्रमुख संतोष दूबे, हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पाण्डेय व हिन्दू योद्धा संगठन के प्रमुख महेश मिश्रा ने पुलिस प्रशासन की ओर से की गई इस कार्रवाई की कड़ी निन्दा की है। को जानते हुए प्रशासन की कड़े शब्दों में आलोचना की। शिवसेना प्रमुख संतोष दुबे ने कहा कि अयोध्या की बिटिया को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। यह लड़ाई रुकेगी नहीं, हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि जिस तरह धरना प्रदर्शन को जबरन समाप्त कराया गया उससे साफ–साफ प्रशासनिक अक्षमता सिद्ध हो रही है। हिंदू योद्धा संगठन के प्रमुख महेश मिश्र ने कहा कि प्रशासन जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी करें अन्यथा यह धरना प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। अर्चना तिवारी ने कहा जब तक जिला अधिकारी स्वयं आकर हम से वार्ता नहीं करते हमारा अनशन समाप्त नहीं होगा। अयोध्या की बिटिया को न्याय दिलान यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक वास्तविक अपराधियों की तथा उन को संरक्षण देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है । शिवसेना प्रमुख संतोष दूबे ने मांग की कि पूरे मामले की सीबीआई जांच करायी जाए।

# सपा ही प्रदेश को बना सकती है उत्तम प्रदेशः नरेश उत्तम पटेल

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने आज यहां कहा कि प्रदेश की जनता ने विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सीटें और वोटो का प्रतिशत दोनों को बढ़ाया है और भाजपा की सीटों को कम किया है । उन्होंने कहा कि आने वाले एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रदेश में सबसे ज्यादा सीटें जीतकर यह सिद्ध कर देगी कि आज भी जनता उसे सर आंखों पर बिठाती है। स्थानीय प्राधिकारी विधान परिषद निर्वाचन की समीक्षा बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने जितना अच्छा प्रदर्शन किया है उससे यह सिद्ध हो गया है कि आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी ही प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना सकती है ।उन्होंने कहा कि भले ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई हो लेकिन जिस तरह से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत मिली और उनका वोट प्रतिशत बड़ा उसने यह सिद्ध कर दिया है कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रदेश में सबसे ज्यादा सीटें जीतकर केंद्र सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। श्री पटेल ने कहा कि एमएलसी चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रधान पार्षद सभासद कार्यकर्ता को एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ जुट जाएं, एमएलसी चुनाव में जीत समाजवादी पार्टी को और मजबूत करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने इस मौके पर कहा कि एमएलसी चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं ने जी तोड़ मेहनत की है और एमएलसी प्रत्याशी को विजय मिलना निश्चित है। प्रभारी व पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा ने इस मौके पर कहा कि हीरालाल यादव ने अपने पिछले कार्यकाल में जिस तरह से अपनी कार्यशैली से सदन में समाजवादी पार्टी का पक्ष रखा वह बेहतरीन रहा ,ऐसे प्रत्याशियों को विजय जरूर मिलती है सपा प्रदेश उपाध्यक्षपूर्व विधायक जय शंकर पांडे ने इस मौके पर कहा कि एमएलसी चुनाव के लिए तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है ,समाजवादी पार्टी चुनाव में बेहतरीन प्रदर्शन करेगी । पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा की एमएलसी चुनाव में हीरालाल यादव की जीत सुनिश्चित है उन्होंने हमेशा जनप्रतिनिधियों की आवाज को बुलंद किया है।इस अवसर पर मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव जिला महासचिव बख्तियार खान हरिशंकर यादव छोटू राजा मानसिंह पार्षद हाजी असद अहमद विशाल पाल राम अजोर यादव अर्जुन यादव सोमू फरीद कुरैशी मो इरशाद उमेश यादव जगत नारायण यादव महेंद्र शुक्ला लक्ष्मण कनौजिया सुरेंद्र यादव शोएब खान आभास कृष्णा कान्हा विजय बहादुर वर्मा इंद्रपाल यादव ब्लॉक अध्यक्ष तरजीत गौड बिंदेश्वरी यादव गया प्रसाद यादव रामचंद्र रावत जेपी यादव अमर यादव स्वामीनाथ वर्मा सरोज यादव प्रताप जायसवाल अवधेश यादव छवि राज यादव राम प्रताप यादव नरेंद्र यादव अखिलेश पांडे सुभाष यादव राकेश कुमार रमेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# शार्ट सर्किट से लगी आग घरेलू सामान जलकर राख

गोण्डा।इटियाथोक थाना क्षेत्र के भीखम पुरवा गांव में विद्युत तार से निकली चिगारी से दो घरों में आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। प्रधान प्रतिनिधि सरिता मिश्रा ने बताया कि गांव के अकबर अली व मोहम्मद हसन के घर के ऊपर से विद्युत तार गुजरा है। दोपहर को दो तार के आपस में टकराने से निकली चिंगारी अकबर अली के फूस के मकान के ऊपर गिर गई। जिससे घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने अकबर अली व मोहम्मद हसन के घरों को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने अथक प्रयास करके आग पर काबू पाया। प्रधान प्रतिनिधि की मानें,तो दोनों घरों में लाखों रुपये की गृहस्थी चंद मिनटों में जलकर खाक हो गई। फिलहाल,आगजनी की सूचना हल्का लेखपाल को दी गई है।

# गांजा व तमंचा के साथ तीन गिरफ्तार

सोहावल–अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में रौनाही पुलिस मुखबिर की सूचना पर गुलजार के पुरवा तिराहे पर घेराबन्दी करके मुन्ना पुत्र रामधीरज निवासी मोहर्रम अरती थाना महराजगंज सूरज उर्फ सूर्यभान सिंह पुत्र ओंकार सिंह निवासी कुरावन थाना खंडासा गौरव सिंह पुत्र चेतन प्रकाश सिंह निवासी बभनियावा थाना रौनाही को अवैध गांजा व देसी तमंचा के साथ किया गिरफ्तार।इन सभी अभियुक्तों पर जनपद के कई थानों में आपराधिक मुकद्दमे दर्ज है।इस मामले में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि सूर्यभान सिंह पुलिस का इनामिया अपराधी है।जिसके ऊपर 15 हजार रुपये इनाम घोषित था।इन तीनो अभियुक्तों को कानूनी कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाला मार्च

## मोदी सरकार ने नागरिकों के साथ किया विश्वासघात और छलः निर्मल खत्री

अयोध्या। कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महंगाई मुक्त भारत अभियान के तहत आज कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री नेतृत्व में गांधी पार्क से कचहरी तक मार्च निकाला। 'भाजपा जब जब आती है कमरतोड़ महंगाई लाती 'है जैसे नारे लगाते हुए कांग्रेस जन हाथों में सिलेंडर और महंगाई विरोधी तख्तियां लेकर चल रहे थे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने कहा मोदी सरकार ने भारत के नागरिकों के साथ धोखा, विश्वासघात और छल किया है। चुनावों में लोगों के वोट बटोरने के लिए 137 दिनों तक पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर सीएनजी गैस और सीएनजी के दाम स्थिर रखने के बाद चुनाव के ठीक बाद से इन सभी का दाम बढ़ाना शुरू किया। श्री खत्री ने कहा चुनाव बाद से ही हर परिवार का घरेलू बजट बिगड़ गया है। पेट्रोल और डीजल के दामों में रोज होती बढ़ोतरी और गैस सिलेंडर तथा घरेलू काम में आने वाली सामग्री के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर मध्यमवर्ग की कमर तोड़ने का काम भाजपा कर रही है । इससे साबित होता है कि मोदी सरकार नागरिकों को लूटो और अपना खजाना भरो की नीति पर काम कर रही है। श्री खत्री ने कहा भाजपा को बताना होगा कि वह किस तरीके चुनाव भर तो दाम स्थिर रखती है पर चुनाव बाद तुरंत दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी होने लगती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा मोदी सरकार लगातार पेट्रोल घरेलू गैस और डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाती जा रही है तथा सब्सिडी कम करती जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप आम आदमी पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ाकर भाजपा ने साबित कर दिया कि उसे आम आदमी के हितों से कोई वास्ता नहीं है प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू ने तंज कसते हुए कहा मोदी सरकार चुनाव में उद्योग पतियों से लिए गए चंदे का कर्ज महंगाई बढ़ाकर चुका रही है। कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम रानू ने कहा जब जब भाजपा सत्ता में आती है वह महंगाई लेकर आती है चुनाव के पहले जनता से लोकलुभावन वादे किए जाते हैं तथा चुनाव के बाद महंगाई बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोड़ने का काम भाजपा सरकार करती है। कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा2014 मे यूपीए सरकार के दौरान जहां गैस सिलेंडर 410 रूपये में था वहीं भाजपा के शासन में इसका मूल्य 1000 के ऊपर चला गया है। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ,सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह, सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, रामनरेश मौर्य ,आशीष यादव ,धीरेंद्र नाथ वर्मा ,राजकुमार मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष रामचरित्र मौर्य ,महिला महानगर अध्यक्ष सविता यादव, उमेश उपाध्याय ,अब्दुल हकीम., राम अवध, रामचरित्र वर्मा, कुंवर अभ्युदय प्रताप सिंह ,आशीष गुप्ता, प्रेम प्रकाश पांडे ,विजय पांडे, राम अभिलाष पांडे ,शीतला बक्स सिंह, दिनेश चौधरी ,रामकुमार सिंह, पुष्पेंद्र यादव, अनिल यादव, अजीत वर्मा यूनिक, दयावती ,सरिता, शालिनी पांडे ,मनोज जयसवाल ,प्रेम पांडे ,फिरोज अंसारी ,शैलेंद्र मणि पांडे, अशोक कुमार राय, रमेंद्र त्रिपाठी, जमील, ताज मोहम्मद, शिवम त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेन से सामान गायब करने वाला गिरफ्तार

अयोध्या। रेलवे स्टेशन, ट्रेन के डिब्बों से यात्रियों का सामान पार करने वाला शातिर चोर जीआरपी के हत्थे चढ़ गया। जीआरपी कार्यालय के मुताबिक ट्रेनों, स्टेशन आदि पर बढ़ती चोरी की घटनाओं और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जीआरपी अयोध्या के एसएचओ वरुण कुमार की टीम चेकिंग पर थी। तभी अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर के पास संदिग्ध युवक को देखकर पूछताछ शुरू की। तलाशी में चोरी की दो मोबाइल व 900 नकद रुपये बरामद हुए। कड़ाई से पूछताछ में चोरी की बात कबूल की। अभियुक्त ने अपना नाम फरीद खान निवासी कुम्भा थाना सुरसंडा जिला सीतामढी बिहार राज्य बताया। अभियुक्त पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई शुरू की है।

# देश में बढ़ेगें इलेक्ट्रिक वाहन: सासंद जगदम्बिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। संसद सत्र के दौरान प्रश्न काल में किसानों एवं माध्यम वर्गीय लोगो से संबंधित प्रश्न मिथेनॉल उत्पादन की क्षमता के संबंध में तारांकित प्रश्न को सदन में उठाया जिसपर भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय ने प्रश्न का जबाब देते हुए कहाँ कि भारी उद्योग मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए 4 दिसंबर, 2021 को एक राउंड टेबल का आयोजन किया। इसमें ऑटो और ऑटो घटक तथा उन्नत रसायन सेल से जुड़े उत्पादन–संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) के सफल कार्यान्वयन संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। राउंड टेबल में विभिन्न राज्यों के मंत्रियों और सचिवों तथा ऑटो



सेक्टर की विभिन्न औद्योगिक हस्तियों ने भी राउडटेबल में हिस्सा लिया। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने हैदराबाद में प्रायोगिक स्तर का 0.25 मीट्रिक टन प्रति दिन उत्पादन क्षमता वाला मिथेनॉल संयंत्र स्थापित किया है जिसमें अधिक राख वाले भारतीय कोयले से मिथेनॉल का उत्पादन हो रहा है। इस संयंत्र में बीएचईएल द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित तरलीकृत बेड गैसीफिकेशन प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है (जो अधिक राख उत्पन्न करने वाले कोयले के लिए उपयुक्त है) ताकि कोयले से सिनगैस का उत्पादन किया जा सके। तत्पश्चात् सिनगैस से मिथेनॉल तैयार किया जाता है। ऑटोमोबिल के लिए वैकल्पिक ईंधन के रूप में मिथेनॉल का देश में परीक्षण चल रहा है। रसायन और पेट्रोरसायन विभाग की वार्षिक रिपोर्ट (वर्ष 2021–22) के अनुसार, वर्ष 2020–21 के लिए देश की मिथेनॉल उत्पादन की स्थापित वार्षिक क्षमता 4.74 लाख मीट्रिक टन है। आने वाले समय मे किसानों एवं मध्य वर्गीय लोगो के लिए मिथेनॉल एक विकल्प साबित होगा।

## सपाईयों ने मनाया निषाद राज गुहा एवं महर्षि कश्यप की जयंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार



को निषाद राज गुहा एवं महर्षि कश्यप का जयंती सादगी के साथ मनाया गया। सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव ने कहा कि निषाद राज ने भगवान रामचंद्र के 14 वर्ष वनवास के जाने के दौरान राम, सीता व लक्ष्मण जी गंगा नदी को पार कराया था। वे ऋंगवेरपुर के राजा थे। वह निषाद समाज के थे। जिसके आज भी बडेध सम्मान एवं भगवान राम जी के ही निषाद राज का नाम लिया जाता है। ऋषि कश्यप ब्रह्म जी के मानष पुत्र थे। वह सृष्टि के रचना कार भी थे। इस दौरान सपा जिला महा सचिव कमरुजमा खान, जिला उपाध्यक्ष तौलेश्वर निषाद, अमित निषाद, नपा अध्यक्ष बांसी मोहम्मद इद्रीश पटवारी राइनी, चंद्रमणि यादव, विजय यादव, कलाम सिद्दीकी, राम सेवक लोधी, शशांक त्रिपाठी, अनूप त्रिपाठी, राम निवास , सोनू यादव, रोहित श्रीवास्तव, परवेज व विश्वभंर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## विधायक विनय वर्मा ने स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर। ब्लॉक संसाधन केंद्र बढ़नी पर विधानसभा 302 शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा के द्वारा स्कूल





चलो अभियान का शुभारंभ किया गया उक्त अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बढ़नी रामप्रसाद प्रधान प्रतिनिधि परसा नरेंद्र बहादुर सिंह सांसद प्रतिनिधि नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी जीउत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र यादव ब्लॉक बढ़नी के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा उपाध्यक्ष हरि नारायण शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिवाकर मिश्र उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा सोनी आशुतोष सिंह कमलेश्वर सिंह पंकज कुमार आज शिक्षक बच्चे एवं संभवत गण की गरिमामय उपस्थिति सराहनीय रही।

# संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर ब्लाक सभागार में ग्राम प्रधानों के साथ हुई बैठक





- **भनवापुर ब्लाक सभागार में बैठक के दौरान बीडीओ नें कसे प्रधानों के पेंच**
- **बैठक में महिला प्रधानों की भागीदारी रही शून्य**

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की सफलता के लिए भनवापुर ब्लाक सभागार में ग्राम प्रधानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सीएचसी सिरसिया के अधीक्षक डा शैलेन्द्र मणि ओझा नें उपस्थित ग्राम प्रधानों को बताया की दो अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच सरकार के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण माह एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आप लोग गांव के साफ सफाई में झाड़ियों, नालियों की सफाई के साथ नालियों के गंदे पानी में एंटी लारवा दवा का छिड़काव करवाएं तथा गांव में शुद्ध पेयजल उपयोग के लिए लोगों को जागरूक करें तथा मिशन इन्द्र धनुष कार्यक्रम के अन्तर्गत गांव में होने वाले नियमित टीकाकरण में जीरो से दो वर्ष के सभी छूटे बच्चो का टीकाकरण करवानें में सभी ग्राम प्रधान सहयोग करें गांव पंचायत का अगर कोई परिवार टीकाकरण के लिए मना करता है या टीकाकरण से वंचित रह गया है तो इसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित आशा के माध्यम से अस्पताल के जिम्मेदार को सूचित करें। खण्ड विकास अधिकारी धनंजय सिंह नें कहा कि सभी ग्राम प्रधान लोगों के स्वास्थ्य के सुरक्षा को देखते हुए। ग्राम पंचायतों में साफ सफाई शुद्ध पेयजल आपूर्ती के साथ ही स्वस्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान में सहयोग करें।

इस दौरान बीएमसी दिलीप मिश्रा, एडीओ पंचायत सुरेंद्र मिश्र, प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष लालजी शुक्ला, कांशीराम, खान नसीबुल्लाह, मनोज कुमार, हरिश्याम मौर्या, बृजनंदन शुक्ला, यशोदानन्द पांण्डेय, पवन गुप्ता, डा कमलेश मिश्र आदि लोग मौजूद रहे। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र में एक सौ ग्यारह ग्राम पंचायतों में सत्तावन महिला ग्राम प्रधान चुनाव जीत कर लोकतंत्र की सबसे छोटी सांसद का नेतृत्व कर रही हैं,मगर सरकार के मंशा अनुरूप किसी भी बैठक में खुद प्रतिभाग ना करते हुए उनके पति प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं। जिससे सरकार द्वारा महिलाओ को पुरूषों के बराबर अधिकार हवा हवाई साबित हो रहा है।

# श्रीराम महिमा कथा प्रसंग सुन भावविभोर हुये श्रोता

## जीवन जीना सिखाती है श्रीराम कथा: स्वामी सूर्यकान्ताचार्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा में अयोध्या धाम से पधारे स्वामी सूर्यकान्ताचार्य महराज ने कथा प्रसंग के माध्यम से कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा सौभाग्यशाली होती हैं वह जीव आत्माएं जिन्हें संतों की संगत में बैठकर प्रभु की कथा को श्रवण करने का अवसर मिलता है। कथायज्ञ स्थली एक ऐसा माध्यम है जहां आकर माया में लिप्त हमारा मन कुछ समय के लिए प्रभु का चितन एवं गुणगान कर विश्राम पाता है। उन्होंने बताया कि हर युग में जब जब भी धरा पर अधर्म, अनाचार, पापाचार बढ़ जाता है। तब तब श्री हरि धर्म की पुनरू स्थापना के लिए धरा पर मानव रूप में अवतरित होते हैं और अधर्म के पथ पर बढ़ रहे मानव समाज की बांह थाम कर, उन्हें पुनरू धर्म के पथ पर अग्रसर करते हैं। अज्ञानता के अंधकार में भटक रहे मानव मन में ज्ञान का प्रकाश भरते हैं। उसी प्रकाश में मानव के भीतर मानवीय गुण जागृत होते हैं। आज समाज में मानव के दानवी कृत्यों से हो रही विध्वंसकारी घटनाओं को देखकर, हर हृदय यही कहता है की पुनरू राम राज्य की स्थापना हो। यह संभव तभी है जब हर व्यक्ति राम जी के चरित्रों को सुनकर के जीवन में उतारे और उनके पद चिन्हों पर चलें तभी राम राज्य की स्थापना संभवयह संभव तभी है जब हर व्यक्ति राम जी के चरित्र को सुनकर के जीवन में उतारे और उनके पक्ष भी हो पर चलें तभी राम राज्य की स्थापना संभव है इस अवसर पर मुख्य यजमान राजेंद्र बोरा, दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, शांति नारायण त्रिपाठी, शिवपूजन वर्मा भोलेनाथ, शोहरतगढ़ थाना अध्यक्ष जय प्रकाश दुबे, उपनिरीक्षक रविकान्त मणि त्रिपाठी, माधुरी मिश्रा, महावीर वर्मा, रामसेवक गुप्ता सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।





# शान्तिपूर्ण चुनाव सम्पन कराये जिलाधिकारी: दीपक मीणा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन–2022 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) उमाशंकर की उपस्थिति में जिलाधिकारी कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि मत देने के लिए मतपत्र के साथ बैगनी स्केट पेन का प्रयोग किया जायेगा। मतपत्र पर भारतीय अंको के अन्तर्राष्ट्रीय रूप यथा 1,2,3 आदि या रोमन रूप आदि या संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त किसी भारतीय भाषा में प्रयुक्त रूप में चिन्हित किया जायेगा। मतपत्र पर किसी भी प्रकार का हस्ताक्षर या अपना नाम नही लिखना है। यदि मतदाता द्वारा मतपत्र पर सही या क्रास का निशान लगाया जायेगा तो ऐसे मतपत्र निरस्त कर दिये जायेगे। अपने मत को विद्यमान बनाने के लिए अभ्यर्थी के सामने मतदाता द्वारा अंक 1 लिखकर अपना प्रथम अधिमान दर्शाना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि बस्ती–सिद्धार्थनगर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन–2022 में जनपद में 14 मतदेय स्थल बनाये गये है। 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 14 माइक्रो आब्जर्बर को लगाया गया है। इस बैठक में उपरोक्त के अतिक्ति समस्त जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 राहुल गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, ए0आर0टी0ओ0 आशुतोष शुक्ल, तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।





## सम्पादकीय

**अगर इनसे भारत के हित सधते हों, तो इन दोनों ही बातों में कोई बुराई नहीं है। लेकिन प्रश्न है कि जब टकराव बेहद तीखा हो गया हो, उस समय क्या दो नावों की सवारी लंबे समय तक की जा सकती है? दलीप सिंह के कहने का अंदाज भले आपत्तिजनक रहा हो, लेकिन ये बात सच है कि रूस आज की परिस्थितियों में चीन विरोधी कोई रुख ...**

# दो नावों की सवारी




जब टकराव बेहद तीखा हो गया हो, उस समय क्या दो नावों की सवारी लंबे समय तक की जा सकती है? अमेरिकी अधिकारी दलीप सिंह के कहने का अंदाज भले आपत्तिजनक रहा हो, लेकिन ये बात सच है कि रूस आज की परिस्थितियों में चीन विरोधी कोई रुख नहीं ले सकता है। भारत यात्रा पर आए वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी दलीप सिंह ने चेतावनी दी कि रूस पर अमेरिकी तरफ से लगाए प्रतिबंधों को नाकाम करने वाले उपाय अगर भारत ने अपनाए, तो इसके खराब नतीजे हो सकते हैं। लेकिन दलीप सिंह की यात्रा के एक दिन ही बाद नई दिल्ली आए रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारतीय नेताओं से अपनी बातचीत के बाद सार्वजनिक रूप से कहा कि पश्चिमी प्रतिबंधों से बचते हुए अपना कारोबार जारी रखने के लिए भारत और रूस जो भी संभव तरीके हों, उन्हें अपनाएंगे। भारत सरकार ने ना तो दलीप सिंह के बयान पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया दी, ना ही लावरोव के एलान पर। दरअसल, कूटनीति के जानकार इन दिनों यह देख कर हैरत में हैं कि भारत आए विदेशी नेताओं और अधिकारियों को भारत सरकार यहां खुल कर सार्वजनिक बयान देने के अवसर दे रही है। नई दिल्ली में रहते हुए किसी तीसरे देश के खिलाफ भी बयान दे रहे हैं। जबकि अतीत मे चलन यह था कि भारत अपनी मंच का किसी दूसरे देश को इस तरह इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं देता था। बहरहाल, लावरोप के बयान के साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ये टिप्पणी भी छपी कि अगर कहीं से सस्ता तेल खरीदने से भारतीय जनता को राहत मिलती है, तो हमारी सरकार ऐसा क्यों नहीं करेगी? एक टीवी इंटरव्यू के दौरान की गई इस टिप्पणी को लावरोव के बयान की पुष्टि के रूप में देखा जा सकता है। तो कुल मिला कर भारत उन देशों में शामिल दिख रहा है, जो पश्चिमी वित्तीय प्रतिबंधों को अनदेखी करते हुए रूस के साथ सामान्य कारोबार जारी रखने के प्रयास में जुटे हुए हैं। मगर इसके साथ ही भारत अमेरिका और अन्य देशों के गुड बुक में भी रहना चाहता है। अगर इनसे भारत के हित सधते हों, तो इन दोनों ही बातों में कोई बुराई नहीं है। लेकिन प्रश्न है कि जब टकराव बेहद तीखा हो गया हो, उस समय क्या दो नावों की सवारी लंबे समय तक की जा सकती है? दलीप सिंह के कहने का अंदाज भले आपत्तिजनक रहा हो, लेकिन ये बात सच है कि रूस आज की परिस्थितियों में चीन विरोधी कोई रुख नहीं ले सकता है। ऐसे में अगर भारत नए बन रहे समीकरण में चीन के साथ रिश्ते मजबूत करे, तब तो बात दीगर है। वरना, आधी–अधूरी रणनीति आगे चल कर नुकसान का सौदा साबित हो सकती है।

# पाक क्यों बने किसी का पायदान?

वेद प्रताप वैदिक

इमरान खान के इस दावे पर उनके विरोधी हंस रहे हैं कि अमेरिका उन्हें उनके प्रधानमंत्री पद से हटाने की कोशिश कर रहा है लेकिन यह सच है कि अमेरिका दुनिया के सभी देशों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूस–विरोधी रवैया अपनाएं। इसका सबसे पुख्ता प्रमाण तो अमेरिका के उप–राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीपसिंह की भारत–यात्रा है। भारतीय मूल के इस अधिकारी को दिल्ली क्यों भेजा गया है? इसीलिए कि वह भारत सरकार पर दबाव डाले यूक्रेन के मामले में! उसने कोई कसर नहीं छोड़ी। उसने हमारे विदेश मंत्री जयशंकर को कह दिया कि यदि आप अमेरिका का समर्थन नहीं करेंगे तो उसके दुष्परिणाम होंगे। उसने यह डर भी दिखाया कि अगर चीन ने भारत पर हमला कर दिया तो रूस बचाने वाला नहीं है। जयशंकर को चाहिए था कि वे दलीपसिंह से पूछते कि क्या अमेरिका यूक्रेन को बचा रहा है? उसे अमेरिका ने पानी पर चढ़ाकर अकेले मरने को छोड़ रखा है। अमेरिका ने पाकिस्तान को अपना दुमछल्ला बनाकर कई दशकों तक अधर में लटकाए रखा। उसे सोवियत संघ और भारत के खिलाफ भड़काता रहा लेकिन क्या 1965, 1971 और कारगिल के युद्धों में उसने पाकिस्तान का साथ दिया? बिल्कुल नहीं। इसी बात को ध्यान में रखकर इमरान ने बिल्कुल ठीक कहा कि भारत की विदेश नीति एकदम सही रास्ते पर चल रही है और वे भी उसे स्वतंत्र रास्ते पर चलाना चाहते हैं। वे पाकिस्तान को किसी महाशक्ति का पायदान नहीं बनने देना चाहते हैं। उनके रूस जाने पर अमेरिका का भड़कना बिल्कुल अनुचित है। उनकी रूस–यात्रा यूक्रेन–विवाद के पहले ही तय हो चुकी थी। उन्होंने भी भारत की तरह न रूस का विरोध किया और न ही समर्थन ! इस रवैए से अमेरिका का नाराज होना स्वाभाविक है। इसीलिए वाशिंगटन स्थित पाकिस्तानी राजदूत को एक अमेरिकी अफसर ने काफी जोर से हड़काया। इस्लामाबाद में अमेरिकी राजदूत ने भी इमरान को कोई चिऋी लिखी है। अब इमरान कह रहे हैं कि वे अमेरिकी साजिश की तहत हटाए जा रहे हैं। इस कथन में ज्यादा दम नहीं है। उन्हें अपने दल की बगावत के कारण यह मुसीबत झेलना पड़ रही है लेकिन पाकिस्तान के इतिहास की यह अविस्मरणीय घटना बन गई है कि उसके प्रधानमंत्री ने भारतीय विदेश नीति की खुले–आम तारीफ की है। इमरान का भविष्य चाहे जो भी हो, क्या इस घटना से पाकिस्तान कोई सबक लेगा या नहीं? भारत ने जहां अमेरिका के दबाव को रद्द किया है, वहीं उसने रूसी विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव को भी कह दिया है कि वह किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय सुरक्षा को अक्षुण्ण मानता है। यदि पाकिस्तान भी शुरु से इसी नीति पर चलता तो दुनिया में उसकी इज्जत कहीं ज्यादा होती।

# यही हिंदुस्तान है

**क्योंकि अभी तो सारी ताकत हिंदुओं के मुसलमानों से लड़ाने में लगवाई जा रही है। वैसे देश में धर्मांधता की अंधेरगर्दी के बीच एक अच्छी खबर विदिशा से आई, जहां एक खेत में आग लगी और उसके मालिक किसान नमाज पढ़ने गए थे, तो दूसरे किसानों ने आग बुझाने का काम किया, जो हिंदू थे। इस घटना को सांप्रदायिक सौहार्द्र की खबर की तरह पेश किया गया, जो शायद आज की जरूरत है। वर्ना देखा...**

हरिद्वार धर्म संसद में भड़काऊ भाषण देने के बाद जमानत पर चल रहे यति नरसिंहानंद ने एक बार फिर अपनी जुबान से जहर उगला है। दिल्ली के बुराड़ी मैदान में हिंदू महापंचायत के आयोजन में यति नरसिंहानंद ने कहा कि अगर भारत में कोई मुस्लिम प्रधानमंत्री बनता है तो अगले 20 सालों में 50 प्रतिशत हिंदू धर्मांतरित हो जाएंगे। इसके साथ ही मर्दों को उन्होंने हिंदुत्व की रक्षा के लिए हथियार उठाने का आह्वान किया। खास बात ये है कि महापंचायत का आयोजन सेव इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक प्रीत सिंह ने किया था, जो खुद जमानत पर हैं। पिछले साल जंतर–मंतर पर मुस्लिम विरोधी नारे लगवाने के आरोप में प्रीत सिंह पर कानूनी कार्रवाई की गई थी। पुलिस का कहना है कि इस बार आयोजन की कोई अनुमति नहीं थी। फिर भी देश की राजधानी दिल्ली में दिन की रौशनी में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वालों का जमावड़ा लगा, सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए। अल्पसंख्यकों के खिलाफ अनाप–शनाप बातें होती रहीं। इस कार्यक्रम का मीडिया कवरेज करने पहुंचे कुछ पत्रकारों के साथ मारपीट भी हुई, क्योंकि वो मुसलमान थे। इतना सब होने के बाद अगर ये माना जाए कि देश में इस वक्त संविधान के मुताबिक चल रहा है, सरकार पीड़ितों की रक्षा के लिए खड़ी है और कानून अपना काम कर रहा है, तो यह अपने आंख में मिर्च झोंकने के अलावा कुछ नहीं है। जिस आदमी को नफरत की भाषा बोलने के नाम पर ही गिरफ्तार किया गया हो और उसे फिर जमानत भी दे दी गई हो, वह फिर से मुसलमानों के विरुद्ध लोगों को भड़काने लगे, तो क्या उसकी जमानत रद्द नहीं होनी चाहिए, क्या उसे फिर से सलाखों के पीछे नहीं रहना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हो सकता, तो फिर पहले मामले में भी उस पर कानूनी कार्रवाई के प्रहसन की क्या जरूरत थी। इतना वक्त अदालतें और पुलिस किसी और मामले में लगा लेतीं। क्योंकि यहां तो धर्म के स्वघोषित ठेकेदारों को, हिंदुओं को बचाने का जिम्मा उठाने वालों को कभी कोई सजा मिलेगी ही नहीं। सरकार खुद इनके सिर पर हाथ रखी नजर आती है। पिछले कुछ दिनों से कर्नाटक में हिजाब विवाद के बाद हलाल जिहाद का बखेड़ा किया जा रहा है। हिंदुओं को सलाह दी जा रही है कि वो हलाल का मांस नहीं खाएं और न ही मुस्लिम मांस विक्रेताओं से खरीदें। केन्द्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा है कि हलाल मीट समाज के कुछ लोग खाते हैं और हिंदुओं को इसे खाने की आवश्यकता नहीं है। जबकि कर्नाटक सरकार के ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री केएस ईश्वरप्पा ने कहा कि हलाल ऐसी धारणा है जिसे कुछ लोगों ने बनाया है। खासकर कुछ दलों ने। कर्नाटक के लोग बेवजह कष्ट झेल रहे हैं। इससे पहले कर्नाटक में मंदिरों के आसपास मुसलमानों को दुकान लगाने से रोका जाने लगा था। यह सब सीधे–सीधे मुस्लिमों के आर्थिक हितों पर चोट है। कोरोना की पहली लहर के दौरान तब्लीगी जमात प्रकरण के बाद भी मुस्लिमों का इसी तरह से आर्थिक बहिष्कार किया गया था। जबकि इस देश की अर्थव्यवस्था में उनका भी बराबरी का योगदान है और सरकार को कर वे भी चुकाते हैं। फिर भी धर्म की नफरत रोजगार तक ले जाई जा रही है। इधर महाराष्ट्र में राज ठाकरे ने मस्जिदों में अजान के लाउड स्पीकर पर बजने को लेकर चुनौती देते हुए कहा कि वे लाउड स्पीकर पर हनुमान चालीसा बजाएंगे। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना यानी मनसे के प्रमुख राज ठाकरे कई दिनों से शांत थे, फिर अचानक उन्होंने एक विवादित बयान दिया और इसके बाद उनसे मिलने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी पहुंच गए। इन सब से संदेह होता है कि क्या चुनाव के लिए ये सारी कवायद हुई है, ताकि हिंदुत्व के बाजार में भाव बढ़ता रहे। धार्मिक उन्माद की हवा उत्तरप्रदेश में भी बह रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी चल रहा है, जिसमें एक मस्जिद पर नाचते–गाते हमला किया जा रहा है। सरधना में मांसाहारी बिरयानी बेचने वाले का ठेला राजनैतिक दबंगों ने उलट दिया। नवरात्रि के मद्देनजर मांस दुकानों को बंद करवाया जा रहा है, वो भी सरकारी तौर पर, जबकि अभी रमजान का पाक महीना भी चल रहा है। नवरात्रि और रमजान, दोनों ही संयम और व्रत की कठिन परीक्षा देने का वक्त होता है, जिसमें अब तक हिंदुस्तान अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होता आया था, लेकिन अब हिंदुत्व के नशे में बुरी तरह फेल होने का डर सताने लगा है। राजस्थान के करौली में हिंदू नववर्ष के उत्साह में जानबूझकर मुस्लिम बहुल इलाके से मोटरसाइकिल यात्रा निकाली गई। जिसके बाद दो गुटों में झड़प हुई, यह होना ही था, क्योंकि शायद इसी उद्देश्य से ही ऐसी यात्राएं निकाली जाती हैं, जिसमें जानबूझ कर किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत किया जाए और फिर वो प्रतिकार करें तो हिंसा भड़काने का मौका मिले। देश में खाली बैठे बेरोजगारों की शक्ति और समय का यही उपयोग सांप्रदायिक शक्तियों को समझ आता है। शोभा यात्रा के नाम पर हुड़दंग करने वाले और अश्लील फिल्मी गीत बजाते हुए देवी भक्ति करने वाले नौजवान ये नहीं जानते कि उनके वर्तमान से खेलकर उनके भविष्य को कैसे बर्बाद किया जा रहा है। अगर कभी ये बात उन्हें समझ आएगी कि धर्म से रोटी हासिल नहीं होती, तब तक शायद हालात संभालने की ताकत ही उनमें न बचे। क्योंकि अभी तो सारी ताकत हिंदुओं के मुसलमानों से लड़ाने में लगवाई जा रही है। वैसे देश में धर्मांधता की अंधेरगर्दी के बीच एक अच्छी खबर विदिशा से आई, जहां एक खेत में आग लगी और उसके मालिक किसान नमाज पढ़ने गए थे, तो दूसरे किसानों ने आग बुझाने का काम किया, जो हिंदू थे। इस घटना को सांप्रदायिक सौहार्द्र की खबर की तरह पेश किया गया, जो शायद आज की जरूरत है। वर्ना देखा जाए तो एक किसान ने दूसरे किसान की मदद की, क्योंकि दोनों के सुख–दुख साझा हैं। यही हिंदुस्तान है।

# रूसी तेल खरीद कर क्या मिलेगा?

**सवाल है कि क्या यूरोपीय देशों और भारत के रूस से तेल व गैस खरीद का मामला एक जैसा है? दोनों मामले बिल्कुल अलग हैं। यूरोपीय देश पहले से रूस से तेल व गैस की खरीद पर निर्भर हैं। इसलिए वे अचानक खरीद बंद करते हैं तो उनके यहां ऊर्जा का संकट होगा। इसके उलट भारत पहले से रूस से तेल व गैस ज्यादा नहीं खरीदता है इसलिए भारत के सामने कोई संकट नहीं है। भारत सिर्फ कुछ पैसों की...**

अजीत द्विवेदी

आपदा में अवसर देख रही भारत की सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। पिछले पूरे साल में भारत ने रूस से करीब डेढ़ करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदा था, जो भारत के कुल तेल आयात का महज दो फीसदी था। लेकिन इस साल फरवरी से लेकर अभी तक भारत की पेट्रोलियम कंपनियों ने एक करोड़ 30 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद कर ली है। आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी होगी क्योंकि रूस ने भारत को 35 डॉलर प्रति बैरल के डिस्काउंट पर तेल देने का प्रस्ताव दिया है और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऊर्जा सुरक्षा का हवाला देते हुए कहा है कि भारत को अगर सस्ता तेल मिलता है तो उसे खरीदने में कोई दिक्कत नहीं है। इसका मतलब है कि भारत आर्थिक, कूटनीतिक और राजनीतिक तौर पर रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ाने के लिए तैयार है। कायदे से इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में एक डॉलर के फर्क से भी खुदरा कीमत पर बड़ा असर होता है, जबकि रूस 35 डॉलर का डिस्काउंट देने को तैयार है। लेकिन रूस से तेल खरीद का मामला इतना सरल नहीं है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने खुद ही पिछले दिनों कहा कि इसमें कई चीजें अभी तय होनी बाकी है, जिसमें भुगतान के तरीके से लेकर तेल ढुलाई पर होने वाले खर्च का मामला शामिल है। रूस चाहता है कि डॉलर और यूरो की बजाय उसे तेल का भुगतान रूबल में हो। रूबल में भुगतान करने में समस्या यह है कि यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद दुनिया भर के देशों ने रूस पर जो पाबंदी लगाई है उससे रूबल की स्थिति कमजोर हुई है। उसमें स्थिरता नहीं है और उसमें भुगतान का समझौता करना जोखिम का काम हो सकता है। इसी तरह यूक्रेन और रूस में चल रहे युद्ध की वजह से बीमा का खर्च भी काफी बढ़ जाएगा।


जहां तक तेल ढुलाई का सवाल है तो रूस से भारत तक तेल ले आना हमेशा ज्यादा खर्च का काम होता है और इसमें समय भी बहुत ज्यादा लगता है। सितंबर 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉस्को यात्रा के समय वैकल्पिक रास्ते को लेकर चर्चा हुई थी। अभी तक भारत स्वेज नहर के रास्ते सेंट पीटर्सबर्ग से चेन्नई तक कच्चा तेल ले आता है। इसमें 35 से 36 दिन का समय लगता है। अगर रूस के व्लादिवोस्टोक बंदरगाह से कच्चा तेल भारत लाया जाता है तो उसमें 19 दिन का समय लगेगा लेकिन वह रास्ता दक्षिण चीन सागर और मलाक्का की खाड़ी से होकर गुजरता है। इससे खर्च तो थोड़ा कम होगा लेकिन यह बहुत सुरक्षित और सुगम रास्ता नहीं है। यहीं कारण है कि रूस से भारत की खरीद कभी भी बहुत ज्यादा नहीं रही है।

भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी तेल आयात करता है लेकिन सिर्फ दो फीसदी आयात रूस से होता है, जबकि 53 फीसदी आयात खाड़ी के देशों से होता है। भारत अपनी जरूरत का 15 फीसदी तेल अफ्रीका से खरीदता है और 14 फीसदी अमेरिका से। अभी अचानक अगर रूस से



खरीद बढ़ा दी जाती है तो कई संतुलन बिगड़ेंगे और भारत का खर्च बढ़ेगा। एक बड़ा सवाल यह भी है कि रूस अभी यूक्रेन से युद्ध के पहले वाली कीमत पर भारत को तेल देने के लिए तैयार है। यह कीमत 70 से 75 डॉलर प्रति बैरल की है। सो, मौजूदा कीमत यानी एक सौ डॉलर प्रति बैरल की कीमत के मुकाबले यह कम है और इसलिए भारत को बीमा और ढुलाई पर होने वाले ज्यादा खर्च के बावजूद इसकी कीमत कम पड़ रही है। लेकिन जब युद्ध खत्म होगा और कीमतें कम होंगी तब क्या होगा? क्या तब भी भारत को रूस से डिस्काउंट मिलेगा या तब रूस अपने यूरोपीय खरीदारों को तरजीह देना शुरू कर देगा? ब्रिटेन की विदेश मंत्री एलिजाबेथ ट्रस से मुलाकात के दौरान गुरुवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बात पर उनका ध्यान खींचा था। जयशंकर ने कहा था कि जब तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो देशों के लिए स्वाभाविक है कि वे सस्ता विकल्प खोजें लेकिन दो–तीन महीने इंतजार करें और रूस से तेल व गैस खरीदने वाले बड़े खरीदारों को देखें तो तस्वीर वहीं रहेगी, जो पहले थी। उन्होंने कहा कि भारत शीर्ष 10 खरीदारों में भी नहीं होगा। सोचें, इसके बावजूद इसे मास्टरस्ट्रोक बताया जा रहा है कि भारत सस्ता कच्चा तेल रूस से खरीद रहा है। इसमें संदेह नहीं है कि इससे भारत को बचत होगी लेकिन युद्ध की वजह से बीमा खर्च ज्यादा होगा और ढुलाई का खर्च भी ज्यादा होगा। इसलिए बचत कोई बहुत बड़ी नहीं होगी। ऊपर से इस छोटी बचत के लिए भारत को बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। ध्यान रहे दुनिया ने इस समय रूस को अछूत बनाया हुआ है। उसने यूक्रेन पर हमला करके विश्व की शांति भंग की है और अव्यवस्था पैदा की है। अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस पर पाबंदी लगाई हुई है। रूस से भारतीय कंपनियों का तेल खरीदना हालांकि उस पाबंदी का उल्लंघन नहीं है पर भारत को ध्यान रखना चाहिए कि इसे लेकर अमेरिका ने क्या कहा है।

अमेरिका ने कहा है कि भारत का रूस से तेल खरीदना अमेरिकी पाबंदी का उल्लंघन नहीं है लेकिन इतिहास में इस बात को याद रखा जाएगा कि युद्ध के समय भारत ने रूस का साथ दिया था। इसके जवाब में भारत की ओर से यूरोपीय देशों का हवाला दिया जा रहा है, जो अब भी रूस से तेल और गैस खरीद रहे हैं और जर्मनी जैसे कुछ देशों ने तो रूबल में भुगतान की रूस की शर्त भी मान ली है।



# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर की गई स बैठक के उपरांत महर्षि कश्यप एवं राजा निषाद राज की जयंती मनाई गई और गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि जब से देश एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। तब समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर द्वेष की भावना से फर्जी मुकदमा कायम किया जा रहा है जिससे समाजवादी पार्टी घबराने वाली नहीं है स समाजवादी पार्टी हमेशा कार्यकर्ताओं के लिए लड़ती रहेगी और आम जनमानस की लड़ाई भी लड़ने का काम करेगी। यादव ने कहा कि जब से भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश की कमान संभाली है तब से पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी लगातार की जा रही है। भाजपा सरकार जनधन लूटने की योजना चला रही है। भाजपा सरकार को गरीब जनता एवं मजदूरों से कोई लेना देना नहीं है। समाजवादी पार्टी हमेशा गरीबों की लड़ाई लड़ने का काम करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने कहा कि महर्षि कश्यप एवं राजा निषाद राज ऐसे अनुयाई थे जो हमेशा गरीबों की लड़ाई लड़ने का काम किया करते थे। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव रमेश कुमार वर्मा अनिल प्रधान त्रिपुरारी रामप्यारे सिंह पटेल सदर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पटेल शशि प्रकाश मिश्रा कामरान खान अफरोज जितेंद्र कुमार अमित जयसवाल रविंद्र गुर्जर नाम और कुशवाहा कन्हैया लाल विश्वकर्मा रामसेवक यादव प्रमोद यादव मनीष त्रिपाठी शुभम पांडे राजनाथ रमेश सिंह यादव अमृतलाल राजमणि लक्ष्मण चंद्रवंशी अनवर कुरेशी दशरथ गोविंद गोगुंदा विकास दीपक योगेंद्र चंद्रवंशी सोनू अजीत सुरेंद्र सत्यम पांडे आनंद शुक्ला लालता अजीत कनौजिया उमेश प्रसाद मेहता मदन मोहन जूते गौतम विपिन कश्यप सत्येंद्र ओझा के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




**● द्वेष की भावना से हो रहे सपा कार्यकर्ताओं के ऊपर फर्जी मुकदमों के लिए सपाइयों ने आंदोलन के लिए बनाई रणनीति**

**● भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर- विजय यादव**

# तालाब पट्टों का आवंटन बना राजस्व कर्मियों के कमाई का जरिया गरीब परेशान प्रशासन मौन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद मुख्यालय से सटे ग्राम बफॉवा में जहां ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनमाने तरीके से वित्तीय अनियमितताएं कर रहा है तो वही गांव के तालाब पोखरे जो मछुआरों तथा कहार जाति के लोगों आदि के लिए आरक्षित है तथा नीलामी प्रक्रिया के तहत आवेदन आदि भी होकर लंबित है उक्त तालाब गांव के ही इन लोगों ने मत्सय पालन कर रखा है इस वर्ष भी नीलामी प्रक्रिया में आवेदन किया था जो लंबित है नीलामी की कार्यवाही में लगे शिविर दिनांक 30.12.2021 को ग्राम वफॉवा के गाटा संख्या 437 ख, के संदर्भ में गांव के ही भडडर पुत्र बैजनाथ की पत्रावली को शिविर में अनुमोदित कर दिया गया तथा दस पन्द्रह दिन के बाद आने को कहा इस बीच लगभग 17 गांवों पंचायतों के तालाबों के आवेदन का मामला था उसमें अब तक कितने पट्टो को स्वामित्व दिया गया गर्त में है परंतु गांव वफॉवा के मामले में रजिस्टार कानूनगो केजी गुप्ता लगातार बयान बदलता रहा घटना की जानकारी सार्वजनिक होने पर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को भी गुमराह करता रहा चर्चा तो यह है कि उक्त रजिस्टार कानूनगो के कार्यकलापों से उप जिलाधिकारी तथा जिले के उच्च अधिकारी भी वाकिफ हैं परंतु कमाऊ पूत होने के कारण उसके खिलाफ कोई कार्यवाही करने से बचते रहते हैं तालाब पोखरों के आवंटन में गरीब कमजोर तबके के लोगों से मनमाने पैसे वसूलने के बाद ही उसकी प्रक्रिया पूर्ण करायी जाती है इस संदर्भ में गांव वफॉवा के एक अत्यंत गरीब कहार भडडर से मनमाना पैसा न मिलने के कारण नीलामी प्रक्रिया के तीन महीने बाद भी अभी तक पट्टा आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं की इस बीच ग्राम प्रधान पति और रजिस्टार कानूनगो के मिलीभगत से प्रधान पति ने दिनांक 29.03.2022 को शिकार करवा रहा था जिसका साक्ष्य मौजूद है जानकारी होने पर उक्त तालाब गाटे के आवेदक भडडर और उसके परिवार ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी राजस्व कर्मियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है परिवार के लोगों ने कहा मेरे पास न तो कोई और जमीन न तालाब पोखरा है हम कैसे जिंदा रहेंगे उन्होंने कहा की अगर एक सप्ताह में प्रार्थी के मामले में संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई तो मजबूरन जिलाधिकारी कार्यालय पर आमरण अनशन आत्मदाह के लिए मजबूर होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी राजस्व विभाग बलरामपुर की होगी।

# केसरवानी गोत्र के महर्षि कश्यप की निकाली गई भव्य शोभायात्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। केसरवानी वैश्य सभा सोनभद्र द्वारा जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज में केशरवानी जाति के कुल गोत्र ऋषि महर्षि कश्यप की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में डीजे की धुन पर महिलाएं पुरुष थिरकते हुए हाथों में भगवा ध्वज लिए कश्यप ऋषि के जयकारा लगाया। इस शोभायात्रा में पुरुष श्वेत वस्त्र स्त्रियां पीत वस्त्र धारण कर पूरे नगर का भ्रमण किया। यह शोभायात्रा उत्तर मोहाल के हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई और नगर का भ्रमण करते हुए धर्मशाला रोड पर स्थित सूर्य गंगा वाटिका में पहुंची। यहां पर आयोजित विचार गोष्ठी में केसरवानी वैश्य सभा उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री रविंद्र केसरी, जिला अध्यक्ष सुरेश केसरी, नगर अध्यक्ष चंदन केसरी ने संयुक्त रुप से अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि–हमारा केशरवानी समाज देश की आर्थिक रीढ़ है और देश के विकास में हमारे समाज का महत्वपूर्ण योगदान है, हमें एकजुट होकर अपने समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी दीपक कुमार केसरवानी ने इस अवसर पर केसरवानी वैश्य सभा के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि–आज की शोभायात्रा हमारे केसरवानी जाति के संगठित होने का उदाहरण है और हमें इसी तरह से मिलजुल कर समाज सेवा का कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारी मोहनलाल केसरी, लवकुश प्रसाद केसरी, सोहनलाल केसरी, राजाराम केसरी, हनुमान दास केसरी, अनूप चंद केसरी, रिशु केसरी, विजय केसरी, मंगल केसरी, हर्ष केसरी, अमित केसरी, विक्की केसरी, हर्षवर्धन केसरवानी, विक्रम केसरी, संतोष केसरी, मनीष केसरी, गोविंद केसरी, केसरवानी वैश्य सभा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमन केसरी एवं तरुण महिला केसवानी क्लब सोनभद्र से श्वेता केसरी, शालू केसरी, बिना केसरी, शालिनी केसरी, प्रीति केसरी, पूजा केसरी सहित केसरवानी समाज के आदि पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।



**● महर्षि कश्यप के जयकारों से गूंज उठा पूरा नगर**

**● शोभायात्रा में भारी संख्या में शामिल हुए केशरवानी समाज के लोग**

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि



योजना की प्रगति की समीक्षा संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने का निर्देश बैंक के अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को दिया गया। प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना के समस्त आवेदन पत्रों की पात्रता का जांच करते हुए सभी पात्रों को योजना का लाभ दिए जाने, योजना के अंतर्गत डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए लाभार्थियों को प्रेरित किए जाने का निर्देश दिया गया, उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थी के द्वारा डिजिटल लेनदेन करने पर लाभार्थी को प्रतिमाह कैशबैक मिलेगा। बैंकों के अधिकारियों को लाभार्थियों को ऋण प्रदान करने में किसी प्रकार की भी कोताही न बरतने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डूडा विजया तिवारी, अधिशासी अधिकारी बलरामपुर राकेश कुमार जयसवाल, अधिशासी अधिकारी उतरौला, अधिशासी अधिकारी तुलसीपुर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने तहसील उतरौला का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिलाधिकारी श्रुति द्वारा तहसील उतरौला का



औचक मुआयना किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील कार्यालय के विभिन्न पटलों, रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण परीक्षण किया तथा पत्रावलियों को सुव्यवस्थित रूप से रखे जाने का निर्देश, अनावश्यक पत्रावलियों का निस्तारण, तहसील परिसर में साफ–सफाई का समुचित व्यवस्था, जन सामान्य के लिए तहसील को सुविधाजनक बनाए जाने एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का निर्देश उपजिलाधिकारी दिया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा तहसील उतरौला में अस्थाई गोवंश केंद्र गरीबनगर का निरीक्षण किया गया तथा गोवंश केंद्र पर भूसा, हरा, चारा, पेयजल आदि की उपलब्धता का जायजा लिया गया, जिलाधिकारी द्वारा गोवंशों को समुचित मात्रा में हरा चारा, भूसा, पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने एवं गोवंशों का टैगिंग किए जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी उतरौला संतोष कुमार ओझा उपस्थित रहे।

# प्रदूषण से त्रस्त ग्रामीण पहुँचे जी.एम ऑफिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। खड़िया खदान से निकल रही प्रदूषण की समस्याओं को लेकर खड़िया नाई बस्ती के ग्रामीण पहुँचे एनसीएल प्रबंधन खड़िया पहुँच कर प्रदूषण से निजात के एम खड़िया से लगाई गुहार आप को बताते चले कि बीते पिछले सोमवार को ग्रामीणों ने कोल यार्ड में जाकर प्रबंधन को अवगत कराया था कि इस प्रदूषण से जल्द से जल्द निजात दिलाया जाए परन्तु एक हफ्ते होने के वावजूद कोई निराकरण नही निकला वही समस्या बड़ी बनती जा रही हैं घर मे रहना और खाना पीना मुश्किल हो गया है वही मंगलवार दोपहर में मुकेश सिंह छात्र नेता व समाजसेवी के अगुवाई में महिलाएं व नवरात्र में व्रत महिलाये बिना चप्पल के व उनके साथ ग्रामीण कार्यालय पर समस्याओं को सूचीवध तारीखें समस्याओं लिखित अवगत कराया वही अधिकारियों ने बात चीत के दौरान कहा कि समस्याओं को निदान जल्द से जल्द होगा वहीं ग्रामीणों ने जीएम साहब से गुहार लगाते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र प्रदूषण से राहत दिलाइये वही राजीव कुमार ने कहा कि मुझे यह समस्याओं से अधिकारियों से अवगत कराया है जल्द से जल्द समस्या का हल निकाला जाएगा वही ग्रामीण प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर प्रदूषण से निजात नही मिला तो हम सपरिवार हम सभी प्रबंधन मुख्य द्वार के सामने शान्ति पूर्वक वैठेगे, वही अधिकारी व ग्रामीणों के बीच सवांद स्थापित कर अपने अपने घर को वापिस आ गए इस दौरान मुकेश सिंह नवल सिंह माधुरी वर्मा केश कुमारी सुरेश वर्मा तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# नदी में तैरता मिला अज्ञात युवक का शव

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। सतरिख थाना सतरिख क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुल्तानपुर के ग्राम सरायं सिकंदर में रेट नदी में तैरता अज्ञात युवक का शव मिला इसकी सूचना ग्रामीणों को हुई तो धीरे धीरे भीड़ इकट्ठा हुई तो ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर






पहुंचे थाना प्रभारी लालचंद सरोज ने शव को बाहर निकलवाया और बताया जा रहा है की शव कई दिनों का है उसकी तलाशी करने के बाद उसके शरीर पर एक हाथ में उंगली में अंगूठी पहने हुए था। और उसके पास एक पर्स मिला जिसमें आधार कार्ड सहित कई डाक्यूमेंट्स वा फोटो मेले है पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और पुलिस आगे की छानबीन कर रही है।

# डॉ सुनील कुमार मिश्रा द्वारा लिखी किताब–भारत मे निःशक्त व्यक्तियों के अधिकार या –दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 के संदर्भ में एक आलोचनात्मक अध्ययन का दिल्ली में हुआ विमोचन

गोरखापुर। इंडिया ग्लाईकॉल्स के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन ,स्नेह एवं ईश्वर की अनुकंपा से आईजीएल के प्रबंधक प्रशासन,विधि एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा द्वारा लिखी बुक का विमोचन भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री केजी बालाकृष्णन और जॉइंट सेक्रेटरी भारत सरकार मंत्रालय लॉ एंड जस्टिस श्री जीआर राघवेंद्र जी ने संयुक्त रूप से किया और इस बुक की एक प्रति सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस कुरियन जोसेफ को भी भेंट की गई। यह बुक मूलतः दियांगजनो के अधिकार एवं समाज में पूर्ण रूपेण से सहभागिता के संदर्भ में है, तथा इस बुक के माध्यम से साउथ एशियन देशों में विंकलांग व्यक्तियों के जीवन की क्या दशा हैं और उनके अधिकारों को किस तरह से हनन किया जा रहा हैं, इस पर काफी प्रकाश डाला गया है और भारत मे दिव्यांगों से संबंधित नियम को भारत सरकार व राज्य सरकारो ने 2016 में ही शंशोधन करके इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन को भेज दिया था और यह अधिनियम आज पूरे भारतवर्ष में लागू है। भारत मे लागू पूर्व पीडब्ल्यूडी अधिनियम सन 1995 में समुचित सरकारों ने संविधान और देश के काननू के तहत इसमे शंशोधन करके विकलांग व्यक्ति अधिकार अधिनियम 2016 लागू किया है, पूर्व में इस अधिनियम में सिर्फ 7 बीमारियों को ही दर्शाया गया था जो कि अब 21 प्रकार की बीमारियों को इसमे शामिल कर दिया गया है। और सबसे बड़ी बात है इसमे राज्य सरकारों को भी अधिकार है किसी भी बीमारी को एड करने की तथा इसमे ऐसिड अटैक को भी इस श्रेणी में रखा गया है और सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रतिशत 2:से बढ़ाकर 4:कर दिया गया है, एवं दिव्यांग व्यक्तियों को 40: प्रतिशत या इससे अधिक विकलांगता होने पर जीवन यापन करने हेतु पेंशन की भी सुविधा मुहैया की गई है,और सभी सार्वजनिक स्थलों पर दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधाओं का बंदोबस्त करना कानूनी मापदंड बना दिया गया है। और इस बुक के माध्यम से साउथ एशियन देशों में विंकलांग व्यक्तियों के जीवन की क्या दशा हैं और उनके अधिकारों को किस तरह से हनन किया जा रहा हैं, उसपे भी प्रकाश डाला गया है और सभी दस्तावेज इस बुक में प्रमाणित किये हुए ही लगे है। इसके साथ ही यह बुक नेट एवं ऑनलाइन बाजार में भी उपलब्ध है ।





# तालाब में डूबने से बालक की हुई मौत,सूचना मिलते ही घर मे मचा कुहराम

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के बारी महेवा के तालाब में भैसों को नहलाने ले गए बालक की डूबने से हुई मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज लगभग 12 बजे अपने भैंस को चारा चरा कर पानी पिलाने व धोने के लिए हर दिन के भाती आज भी तालाब में श्याम बाबू चौहान पुत्र बच्चा चौहान (10) वर्ष अपने भैंस को नहला रहा था अचानक पानी में गिर गया जोर से आवाज आई। बगल के घरों के लोगों ने देखा और शोर मचाया तो गांव घर के लोग तालाब पर पहुंच कर बालक को बाहर निकाल कर अस्पताल ले जाकर डॉक्टर को दिखाया। परन्तु सास थम जानें के कारण मृत घोषित कर दिया। मृतक का पिता बच्चा चौहान मजदूरी करने पगिया आया था उसे सूचना दी गई। समाचार लिखे जाने तक घर वालों के द्वारा पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।



# बर्तनों में रह जाते है तेल या जलने के दाग, इस तरह से करें इनकी सफाई

रसोई में खाना बनाने और परोसने के लिए कई प्रकार के बर्तनों का इस्तेमाल किया जाता हैं। देखा जाता हैं कि खाना खाने के बाद हर प्रकार के बर्तनों में सफाई को लेकर समस्या आती हैं। कुछ बर्तन हाथोंहाथ चमक जाते हैं तो कुछ पर तेल या जलने के दाग रह जाते हैं और वे पीले या जकाले दिखने लगते हैं। ये दाग बर्तनों में से जल्दी साफ नहीं होते हैं। ये दाग दिखने में बिल्कुल भी अच्छे नहीं लगते हैं। ऐसे में आज इस कड़ी में हम आपके लिए कुछ टिप्स लेकर आए हैं जिनकी मदद से बर्तनों की सफाई को आसान बनाया जा सकता हैं और इन दागों को दूर किया जा सकता हैं। तो आइये जानते हैं किस तरह से करें बर्तनों की सफाई...

स्टील के बर्तन

सामान्य तौर पर किचन में स्टील के बर्तन ही हर घर में यूज किए जाते हैं। स्टील के बर्तनों में तेल के दाग तो नहीं लगते हैं। लेकिन इन पर पानी के दाग तुरंत लग जाते हैं और ये छूटते नहीं है। इन पानी के दागों को छुड़ाने के लिए प्याज का रस और सिरका का इस्तेमाल करें। प्याज के रस और सिरके को एक बोतल में बराबर मात्रा में मिलाकर रखें। अब इसमें थोड़ा लिक्विड शोप मिला लें। अब इस मिश्रण से बर्तनों को धोएं। बर्तन चमकने लगेंगे।

प्लास्टिक के बर्तन



इन दिनों लोगों को प्लास्टिक के बर्तन काफी आकर्षित कर रहे हैं। बच्चों से लेकर बड़े तक प्लास्टिक के टिफिन, बॉटल जैसे कई बर्तन इस्तेमाल कर रहे हैं। प्लास्टिक के बर्तनों में खाने की महक आने लगती है जो धोने पर भी नहीं जाती तो कई बार ये पीले पड़ जाते है और इनमे दाग भी लग जाते हैं। इसके लिए आप एक बाल्टी गर्म पानी में तीन चम्मच बेकिंग सोडा डालकर अच्छी तरह से मिला लें। अब अपने प्लास्टिक के बर्तनों को इसमें पूरी तरह डुबो कर कुछ देर रख दे। आधे घंटे बाद इन बर्तनों को स्क्रब से रगड़कर साफ पानी से ध ाो लें। या फिर आप पानी में सिरके को मिलाएं, अब इसे दाग–धब्बों वाले बर्तन पर डाल कर कुछ देर के लिए छोड़ दें। थोड़ी देर बाद स्क्रब से रगड़कर साफ करें। ऐसा करने से आपके बर्तन से बदबू भी चली जाएगी और साथ ही वे चमकने भी लगेगे।

पीतल के बर्तन

पीतल के बर्तनों में भी पानी के दाग तुरंत लग जाते हैं। इन दागों को छुड़ाने के लिए नींबू को आधा काट लें व इस पर नमक लगाकर बर्तनों पर रगड़ें। इससे पीतल के बर्तन चमकने लगेंगे। पीतल के बर्तनों में घी के दाग लग जाते हैं। इन दाग को पाउडर या फिर पानी से धोने के बजाए राख से साफ करें। दाग तुरंत साफ हो जाएंगे।

एल्युमीनियम के बर्तन

चाय या पानी गर्म करने के लिए अधिकतर लोगों के किचन में एल्युमीनियम के बर्तनों (सॉसपेन) का इस्तेमाल होता है। कुछ सालों के बाद लगातार चाय बनने के कारण ये बर्तन काले पडने लगते हैं। इन काले दागों को छुड़ाने के लिए धोने वाले पाउडर में थोड़ा–सा नमक मिलाकर इस्तेमाल करें। आप देखेंगे कि आपके बर्तन नए हो गए हैं।

बड़े बर्तन

बड़े बर्तन जैसे प्रेशर कुकर में पानी उबलने के काले दाग लग जाते हैं। इन दागों पर कोई ध्यान भी नहीं देता क्योंकि इसमें मेहमानों को खाना सर्व नहीं किया जाता। लेकिन किचन की खूबसूरती तभी बढ़ती है जब सभी बर्तन साफ हों और साफ बर्तनों में प्रेशर कुकर भी शामिल होता है। इसलिए प्रेशर कुकर को भी जरूर साफ करें और प्रेशर कुकर में लगे काले दाग को छुड़ाने के लिए कूकर में पानी, 1 चम्मच वॉशिंग पाउडर व आधा नींबू डालकर उबाल लें। बाद में बर्तन साफ करने की जाली से हल्का रगड़कर साफ करें। कूकर एकदम नए जैसा चमकने लगेगा। या फिर किचन के बड़े बर्तनों को साफ करने के लिए एक बड़ा चम्मच बेकिंग सोडा, 1 लीटर पानी और 4–5 बड़े टुकड़े फॉइल पेपर को उबालें फिर इसमें पुराने बर्तन डालें। कुछ देर के बाद बर्तन अपने आप साफ हो जाएंगे।

## दंगल की छोटी बबीबा अब हो गई बड़ी, खूबसूरती में देती हैं बॉलीवुड हसीनाओं को मात

आमिर खान की फिल्म श्दंगलश्य गीता फोगाट के बचपन वाले अंदाज और दमदार अभिनय से फैंस के दिलों में अपनी जगह बनाने वाली जायरा वसीम तो सभी को याद हैं. लेकिन क्या आपको



बबीता फोगाट का किरदार निभाने वाली बच्ची याद है? अगर याद भी है तो आप उनकी ताजा तस्वीरें देखकर उन्हें पहचान नहीं पाएंगे. क्योंकि वह अब काफी हसीन हो चुकी हैं. फिल्म में श्दंगलश्य आमिर खान और साक्षी तंवर की चार बेटियां थीं. फिल्म पहलवान गीता–बबीता के ऊपर फिल्माई गई थी. फिल्म में गीता का किरदार जायरा वसीम ने और बबीता का किरदार सुहानी भटनागर ने निभाया था. अब इतने साल बाद सुहानी भटनागर की एक तस्वीर वायरल हो गई. इस तस्वीर में वह बहुत ही खूबसूरत नजर आ रही हैं. देखिए ये फोटोज्इन तस्वीरों में बबीता उर्फ सुहानी भटनागर का लुक पूरा बदल गया है. फैंस भी इन तस्वीरों को देख अपनी आंखों पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं. एक यूजर ने लिखा– कितनी बदल गई हो सो ब्यूटिफुल वहीं दूसरे यूजर ने लिखा– यकीन नहीं होता की यह वही बच्ची है. सुहानी भटनागर के बारे में बताएं तो उन्होंने बचपन से ही एक्टिंग लाइन में कदम रख दिया था. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत विज्ञापनों से की थी. सुहानी ने अपनी पढ़ाई फरीदाबाद के दिल्ली पब्लिक स्कूल से की है. सुहानी का एक भाई भी है. सुहानी को एक्टिंग के अलावा सिंगिंग और डांसिंग का भी शौक है. बॉलीवुड फिल्म दंगल उनकी डेब्यू फिल्म है.




## अप्रैल 14 को बॉक्स ऑफिस पर होगा महाक्लेश, जर्सी की सफलता पर संदेह




हाल ही में प्रदर्शित हुई आरआरआर की सफलता ने आगामी 14 अप्रैल को प्रदर्शित होने वाली दक्षिण भारत की दो फिल्मों को लेकर दर्शकों में इस बात की जिज्ञासा पैदा कर दी है कि क्या ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कामयाब होंगी या फिर इनका वही हश्र होगा जो प्रभास अभिनीत राधेश्याम का हुआ है। जिस तरह से दर्शक 14 अप्रैल को प्रदर्शित होने वाली निर्देशक प्रशांत नील फिल्म केजीएफ चौप्टर 2 का इंतजार कर रहे हैं, उसी तरह से वे कोविड–19 के माहौल में ब्लॉकबस्टर फिल्म मास्टर देने वाले थलापति विजय की बीस्ट का भी इंतजार कर रहे हैं। यह दोनों फिल्म 14 अप्रैल को आमने–सामने होने जा रही हैं। केजीएफ–2 का प्रचार इन दिनों जोरों पर है। दर्शक भी बड़े परदे पर यश यानी रॉकी भाई को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि अभिनेता यश ने केजीएफ–2 के लिए अपनी फीस को दोगुना कर दिया है। निर्माताओं ने भी सहर्ष इसको कबूल करते हुए उनको दोगुना भुगतान दिया है। वे इस बात को लेकर निश्चिंत हैं कि उनकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तूफान लाने में सफल होगी। मूल रूप से कन्नड़ भाषा बनी केजीएफ पार्ट 1 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन कर सभी को हैरान कर दिया। इस फिल्म की सफलता ने दर्शकों के बीच यश की इमेज को और भी बड़ा बना दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक यश ने पहले पार्ट के लिए लगभग 15 करोड़ रुपये फीस लेने के साथ–साथ प्रॉफिट में भी शेयर लिया था। अब जो रिपोर्ट्स सामने आई हैं उनके मुताबिक यश ने दूसरे पार्ट के लिए अपने फीस डबल की है। बता दें यश को लगभग 30 करोड़ रुपये की मोटी रकम फीस के तौर पर मिली है। यही नहीं यश सिनेमाघरों से होने वाले प्रॉफिट में भी हिस्सा लेंगे। यश के अलावा केजीएफ 2 में संजय दत्त, रवीना टंडन, प्रकाश राज और श्रीनिधि शेट्टी जैसे कई कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। ये फिल्म 14 अप्रैल को रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म के साथ ही थलापति विजय स्टारर बीस्ट और शाहिद कपूर की फिल्म जर्सी रिलीज होगी। इस बार बड़े परदे पर महाक्लैश देखने को मिलेगा। हाल ही में केजीएफ 2 का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसे दर्शकों की ओर से शानदार रिस्पांस मिला है। इन तीनों फिल्मों के कारोबार को लेकर अभी से कयास लगने शुरू हो गए हैं। केजीएफ–2 और बीस्ट पैन इंडिया फिल्में हैं जिन्हें तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड के साथ–साथ हिन्दी में भी प्रदर्शित किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शाहिद कपूर की जर्सी हिन्दी भाषा में बनी मूल तमिल फिल्म जर्सी का रीमेक है। दर्शकों का कहना है कि यदि शाहिद कपूर को अपनी फिल्म को सफल बनाना है तो उन्हें इन दोनों फिल्मों के साथ परदे पर नहीं आना चाहिए। यह तो तय है कि यदि जर्सी 14 अप्रैल को आएगी तो निश्चित तौर पर बॉक्स ऑफिस पर नुकसान उठाएगी।

## आदिपुरुष भगवान राम के पराक्रम पक्ष को दर्शाएगाः ओम राउत

ओम राउत निर्देशित आदिपुरुष पिछले कुछ समय से चर्चा में है। इसके निर्देशक के अनुसार, बहुप्रतीक्षित रामायण रूपांतरण का




उद्देश्य भगवान राम की भव्यता और वैभव को दिखाना है। आदिपुरुष के निर्देशक ओम राउत ने फिल्म के कुछ अहम पहलुओं से अवगत कराया है।

ओम राउत ने कहा कि युगों से रामायण का हमेशा एक मजबूत प्रभाव रहा है। मैं राम के पराक्रम (वैभव और भव्यता) पक्ष का चित्रण कर रहा हूं, जिसका मुझ पर बहुत प्रभाव पड़ा है।

यह खुलासा करते हुए कि आदिपुरुष की शूटिंग से उनके जीवन में गहरा प्रभाव पड़ा है, ओम राउत ने कहा कि प्रभास और सईं अली खान जैसे सितारों के साथ शूटिंग करना एक शानदार अनुभव रहा है। ओम राउत ने कहा कि मैंने प्रभास को बॉडी बनाने के लिए कहा था, क्योंकि वह राम का किरदार निभाएंगे। धनुर्धारियों का एक विशिष्ट शरीर होता है।

ओम राउत ने कहा कि प्रभास काम करने वाले सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं। अपने काम के रवैये के अलावा, प्रभास सेट पर घर का बना खाना लाते हैं। मुझे उनके बारे में जो पसंद है वह यह है कि वह हमेशा सेट पर लोगों का ख्याल रखते हैं, चाहे उनका कद कुछ भी हो।

यह पूछे जाने पर कि वह सैफ अली खान को आदिपुरुष में नायक की भूमिका निभाने के लिए क्यों पसंद किया। ओम राउत ने कहा कि मुझे सैफ के साथ काम करने का बहुत अच्छा अनुभव रहा है। तानाजी में उनकी भूमिका मुझे अच्छी लगी थी। मुझे विश्वास है कि वह इस भूमिका को भी आसानी से निभा सकते हैं।

## क्या खारे पानी की वजह से भद्दे दिखने लगे हैं घर में लगे नल, इन तरीकों से बनाए उन्हें नए जैसा



घर में साफ–सफाई के लिए महिलाएं कई जतन करती हैं और खासतौर से बाथरूम पर ध्यान देती हैं ताकि घर आए मेहमानों के सामने कभी शर्मिंदा ना होना पड़े। लेकिन महिलाओं की मेहनत तब विफल हो जाती हैं जब घर में लगे नल खारे पानी की वजह से दाग–धब्बों युक्त हो जाते हैं और भद्दे दिखने लगे हैं। साफ करने के बाद भी ये आसानी से साफ नहीं होते हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ आसान नुस्खें लेकर आए हैं जिन्हें आजमाकर आप घर में लगे इन नल की सफाई करते हुए नई जैसी चमक दे सकते हैं। इन नुस्खों की मदद से जिद्दी खारे पानी के दाग आसानी से दूर हो जाएंगे। तो आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में... बेकिंग सोडाः खाने के अलावा आप बेकिंग सोडा को घर की सफाई में भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह नल पर लगे दाग को साफ करने में भी कारगर माना गया है। 1 कप गुनगुने पानी में 2 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर स्प्रे बॉटल में भरें। अब इसे नल पर स्प्रे करें और कुछ देर रहने दें। 10–15 मिनट के बाद क्लीनिंग या किसी पुराने टूथब्रश से साफ करें। इससे टैप पर जमा गंदगी वह दाग साफ हो जाएगी। डिशवॉश लिक्विडः आप घर पर इस्तेमाल करने वाले डिशवॉश लिक्विड को नल साफ करने में यूज कर सकती हैं। यह। नल पर जमा गंदगी साफ करके उसे एकदम चमकदार बनाएगा। इसके लिए एक बाउल में 1 कटोरी गुनगुना पानी, 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस और 2–3 बूंदें डिशवॉश लिक्विड की महिलाएं। मिश्रण को स्पंज में भिगोएं फिर इससे नल की सफाई करें। नल को अंदर से साफ करने के लिए कोई पुराने टूथब्रश यूज करें। कुछ ही मिनटों में आपका नल एकदम नया व चमकदार नजर आएगा। नींबू और खाने का सोडाः नींबू और खाने का सोडा जिद्दी से जिद्दी दाग छुड़ाने के काम आता है। इसके लिए आप थोड़ा सा सोडा लें उसमें आधा नीबू निचोड़ लें। आप इस मिश्रण को नल के आसपास लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। उसके बाद नल को अच्छे से रगड़ कर साफ करें और साफ पानी से धो दें। अंत में सूखे कपड़े से नल को पोंछना ना भूलें। टोमेटो सॉसः टोमेटो सॉस का इस्तेमाल भी आप खारे पानी के जिद्दी दाग छुड़ाने में कर सकते हैं। इसके लिए आपको टोमेटो सॉस नल के ऊपर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर टूथ ब्रश की सहायता से रगड़ कर साफ करें। धोने के बाद सूखे कपड़े से पोंछ दें। यह तीनों प्रक्रिया में से कोई भी एक उपाय आप हफ्ते में एक बार जरूर करें। नींबू या विनेगरः नल पर लगे खारे पानी के जिद्दी दाग हटाने के लिए आप विनेगर या नींबू के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए नल पर नींबू के रस का या विनेगर का स्प्रे करके 15–20 के लिए छोड़ दें। उसके बाद इसे एक यूजलेस ब्रश की सहायता से रगड़ के साफ